CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 306 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 1 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# देश की आंतरिक सुरक्षा और शांति के लिए एसआईआर बहुत जरूरीः भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ बैठक की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कहना है कि देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति के लिए मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य स्वागत योग्य है और इस कार्य में सभी राजनीतिक दलों और देश की जनता को पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालातो में देश की आंतरिक सुरक्षा और शांति के लिए मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य बहुत जरूरी है और मतदाता सूची में वास्तविक मतदाता का नाम शामिल किया जाए और अवैध तरीके से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वाले लोगों के नाम हटाए जाएं यह बहुत जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के



कार्यकर्ता राजस्थान में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर बूथ लेवल अधिकारी का पूरा सहयोग कर रहे हैं और सार्थक और ईमानदारी से भाजपा के कार्यकर्ता चुनाव आयोग के इस कार्य में सहयोग कर रहे है। जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने पार्टी के सभी विधायकों पूर्व विधायकों पार्टी के सभी सांसदों पूर्व सांसदों और संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेताओं को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर कड़ी निगरानी रखें और अवैध तरीके से मतदाता सूची में जिनके नाम हो उनके बारे में बूथ लेवल अधिकारी को बताएं तथा जो वास्तविक मतदाता है उसका नाम हर हाल में मतदाता सूची में दर्ज करवाने में अपनी भूमिका निभाई जाए। इसी क्रम में भजन लाल शर्मा ने भी अपने निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बैठक आयोजित की और इस बैठक में उन्होंने मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर कड़ी निगरानी रखने को कहा तथा अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिए और कहा कि इस पूरे काम में ईमानदारी से चुनाव आयोग का सहयोग किया जाए और अवैध तरीके से मतदाता सूची में जिनके नाम हैं उनके बारे में बूथ लेवल अधिकारी को बताएं । बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर कांग्रेस पार्टी लोगों में भ्रम फैला रही है और इस कार्य में शामिल प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य शैली पर भी सवाल खड़े कर रही है जो बिल्कुल गलत है उन्होंने पार्टी जनों से कहा कि वह बिना किसी दबाव और प्रेशर में ईमानदारी से इस कार्य में चुनाव आयोग का पूरा सहयोग करें और जहां भी कोई गड़बड़ी और लापरवाही सामने आए तो उसके बारे में प्रशासन से जुड़े बड़े अधिकारियों को तुरंतबताएं द्य इस मौके पर भजनलाल शर्मा ने पार्टीजनों से केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की ओर से पिछले 23 महीना में जो बड़े निर्णय और कार्य विभिन्न क्षेत्रों में किए गए हैं उनके बारे में लोगों को घर-घर जाकर बताने के लिए भी कहा उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जब तक सरकार के कामकाज की जानकारी पब्लिक तक ठीक तरह से नहीं पहुंचेगी तब तक पब्लिक भी सरकार की योजनाओं का ठीक तरह से फायदा नहीं उठा पाएगी और सरकार के अच्छे कार्यों का पता भी पब्लिक को नहीं लगेगा इसलिए सरकार के कामकाज का ठीक तरह से पब्लिक के बीच में प्रचार प्रचार किया जाए और इस कार्य में पार्टी के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेताओं को अपनी बड़ी भूमिका निभानी होगी द्य बैठक में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपनी ओर से कुछ बातें और समस्याएं भी मुख्यमंत्री को बताइए ।

## 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ाई गई, अब 11 दिसंबर तक चलेगा पुनरीक्षण




नई दिल्ली।एजेंसी

चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढर) की प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का एलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसंबर तक बढ़ाई गई है। आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसंबर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 30 नवंबर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसंबर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि 16 दिसंबर से सात फरवरी के बीच सभी राज्यों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर मतदाताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे। इसी अवधि में चुनाव आयोग नोटिस जारी कर मतदाताओं से जवाब भी तलब करेगा।

# मन की बात की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी का देश के लोगों से आत्मीय जुड़ाव का प्रतीकः भजनलाल शर्मा

## सांगानेर के कैंप कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मुख्यमंत्री ने मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के सांगानेर में कैंप कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ध्यान पूर्वक गंभीरता से सुना और मोदी की ओर से कह गए एक-एक वाक्य को उन्होंने आत्मसात किया। इस पूरे एपिसोड को सुनने के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी गंभीर दिखे और इस एपिसोड को संपूर्ण सुनने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश के लोगों के प्रति यह गहरा आत्मीय जुड़ाव है जिसकी वजह से अति व्यस्त होने के बावजूद भी वे देशवासियों को नई-नई जानकारियां प्रदान करते हैं और देश के कोने-कोने से ऐसी जानकारियां निकाल कर हमें देते हैं जिनके बारे में कई लोगों को जानकारी ही नहीं होती उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह एपिसोड निरंतर देश के लोगों में लोकप्रिय होता जा रहा है और पूरा देश उनके इस कार्यक्रम को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुनता है क्योंकि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर क्षेत्र से



जुड़ी नई-नई जानकारियां हमें देते हैं जो हमारे ज्ञान और नॉलेज को काफी बढ़ाती है इसीलिए देश का युवा वर्ग भी यह कार्यक्रम सुनता है उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न क्षेत्रों में कड़ी मेहनत और समर्पित भाव से काम करके खुद को स्थापित करने वाले लोगों के बारे में हमें जानकारी देते हैं तो दूसरी तरफ देश और दुनिया से जुड़ी कई रोचक और महत्वपूर्ण जानकारियां भी हमें देते है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इस कार्यक्रम में उदयपुर के शिल्पकारों की कला की खूब प्रशंसा की और दक्षिण अफ्रीका के शिखर सम्मेलन में कनाडाके प्रधानमंत्री को उदयपुर के शिल्पकारों की ओर से तैयार की गई कलाकृति को भेट की उससे उदयपुर के कारीगरों और शिल्पकारों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों को अब वैश्विक स्तर पर और भी पहचान मिलेगी जिसकी वजह से उनके कारोबार में तो वृद्धि होगी ही इसके अलावा उदयपुर और राजस्थान को दुनिया भर में और भी पहचान मिलेगी । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा स्वदेशी को बढ़ावा देते रहते हैं इसी दिशा में उन्होंने दक्षिणी अफ्रीका के शिखर सम्मेलन में भी भारत के कारीगरों की ओर से तैयार की गई वस्तुएं दुनिया के कई प्रधानमंत्री और विशिष्ट जनों को भेंट की जो यह बताती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कितनी मेहनत और समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सबको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर उनके प्रयासों को संबल देना होगा और स्वदेशी उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करके हमें भारत के कारीगरों और शिल्पकारों को देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में आगे बढ़ना होगा । उल्लेखनीय है कि भजनलाल शर्मा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम को शुरू से ही ध्यानपूर्वक सुनते हैं जब शर्मा मुख्यमंत्री नहीं बने थे और प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठा करते थे तब भी हमेशा मोदी के इस कार्यक्रम को सुना करते थे और अब भी हमेशा मोदी के इस कार्यक्रम को सुनते हैं देश के चाहे किसी भी कोने में हो मोदी के इस कार्यक्रम को भजनलाल शर्मा बिल्कुल भी मिस नहीं करते ।

# संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू, पहले दिन सरकार पेश करेगी तीन नए बिल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है, एनडीए सरकार की ओर से शीतकालीन सत्र के पहले दिन लोकसभा में तीन नए बिल पेश करने जा रही है आज सुबह 11:00 बजे लोकसभा की कार्रवाई शुरू होते ही बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और लोकसभा के पूर्व सांसद स्वर्गीय धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी जाएगी। लोकसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री सबसे पहले मणिपुर माल और सेवा कर संशोधन बिल 2025 को सदन में चर्चा और पारित करने के लिए प्रस्तुत करेगी। इस बिल में मौजूद मणिपुर माल और सेवा कर अधिनियम 2017 में संशोधन का प्रस्ताव है इसके बाद वित्त मंत्री दो और नए बिल केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन बिल 2025 और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकार बिल 2025 प्रस्तुत करेगी स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकार बिल में राष्ट्रीय सुरक्षा और जन स्वास्थ्य पर खर्च को पूरा करने के लिए संसाधनों में वृद्धि करने और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए स्थापित मशीनों या अन्य प्रक्रियाओं पर उपकार लगाने का प्रस्ताव है जिनके द्वारा इन वस्तुओं का निर्माण या उत्पादन किया जाता है इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारामानंद 2025 2026 के लिए अनुदान मांगों को दर्शाने वाला विवरण प्रस्तुत करेंगी राज्यसभा में शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन जम्मू और कश्मीर से नेशनल कांफ्रेंस के तीन नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों शम्मी ओबेरॉय सज्जाद अहमद और चौधरी मोहम्मद रमजान को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन शपथ दिलाएंगे 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू कश्मीर में पहले राज्यसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस ने तीन सीट जीती थी जबकि भाजपा को एक सीट मिली थी । राज्यसभा के नियमों और शिष्टाचार का उल्लंघन करते हुए परिषद के अंदर प्रदर्शनकरने के कारण कथित विशेष अधिकार हनन के मामले पर विशेष अधिकारी समिति शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी । संसद का यह शीतकालीन सत्र आगामी 19 दिसंबर तक चलेगा जिसमें कुल 15 बैठक होगी ।

### सर्वदलीय बैठक में सरकार ने विपक्ष को हर विषय पर चर्चा करवाने का आश्वासन दिया

संसद की कार्रवाई सुचारू रूप से आयोजित हो इसके लिए रविवार को सर्वदलीय बैठक का आयोजन हुआ जिसमें करीब 35 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । बैठक में संसदीय मंत्री किरण रिजू जी ने विपक्ष को पूरा भरोसा दिलाया कि सरकार हर विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है सर्वदलीय बैठक में संसद का शीतकालीन सत्र के ठीक तरह से संपादित होने को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी प्रतिबद्धता जरूर दिखाई लेकिन यह तो संसद के इस सत्र के शुरू होने के बाद ही पता चलेगा कि संसद की कार्रवाई कितनी सार्थक और शांतिपूर्वक तरीके से संपादित होती है। जानकारी के अनुसार विपक्ष इस मामले में दिल्ली में पिछले दिनों हुए आतंकी हमले और मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर सरकार से कई तरह के सवाल पूछ सकती है और इस मामले को लेकर संसद में हंगामा होने के भी पूरे आसार है।

# चुनावी हार के बाद महागठबंधन में तकरार तेज; कांग्रेस ने राजद पर फोड़ा ठीकरा, लगाया आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)**बिहार विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद महागठबंधन में खुला आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। 243 सदस्यीय विधानसभा में सत्तारूढ़ एनडीए ने 200 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी, जबकि महागठबंधन बेहद खराब प्रदर्शन के बाद अब आंतरिक मतभेदों से जूझ रहा है। कांग्रेस में असंतोष तब खुलकर सामने आया जब दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठक में कई नेताओं ने गठबंधन को ही हार की वजह बताया। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने आरोप लगाया कि पार्टी के 61 उम्मीदवारों में से अधिकतर का मानना है कि राजद के साथ गठबंधन ने कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया। इस बार 61 में से सिर्फ 6 कांग्रेसी उम्मीदवार ही जीत पाए। कांग्रेस नेतृत्व का एक वर्ग मानता है कि एनडीए ने 'जंगलराज' का नैरेटिव प्रभावी ढंग से चलाया, जिसने पूरे गठबंधन को प्रभावित किया। पार्टी सूत्रों ने यह भी कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद के साथ जुड़ाव से सवर्ण मतदाताओं में दूरी बढ़ी, जो पहले कांग्रेस के मजबूत समर्थक माने जाते थे और अब भाजपा की ओर झुक गए हैं। राजद ने कांग्रेस के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा, अगर कांग्रेस अकेले लड़ना चाहती है तो जरूर लड़े, उसे अपनी औकात पता चल जाएगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को जो भी वोट मिले, वे राजद के कारण ही मिले हैं। मंडल ने 2020 के चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस ने 70 सीटों पर दावा ठोका था लेकिन केवल 19 जीत पाई थी। इस बीच चुनाव के दौरान सीट बंटवारे को लेकर भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के बीच मतभेद सामने आए थे, जिसकी वजह से कई सीटों पर 'फ्रेंडली फाइट' हुई। भाजपा ने इस भ्रम और अव्यवस्था का पूरा राजनीतिक फायदा उठाया। हालांकि मतभेदों के बावजूद महागठबंधन ने विधानसभा सत्र से पहले एकता दिखाने की कोशिश की।

# मोदी के मन की बात के कार्यक्रम में उदयपुर के शिल्पकारों की खूब प्रशंसा, बिजनेस में होगी वृद्धि

## उदयपुर के शिल्पकार की ओर से बनाई गई चांदी की अश्वमूर्ति को कनाडा के प्रधानमंत्री को मोदी ने की थी गिफ्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने विश्व विख्यात मन की बात कार्यक्रम में राजस्थान के उदयपुर के चांदी से जुड़ा काम करने वाले शिल्पकारों की खूब प्रशंसा की और कहा कि उदयपुर के शिल्पकारों की ओर से तैयार किए गए उत्पाद काफी आकर्षक खूबसूरत और परंपरागत विरासत को अपने में सजोए हुए है उन्होंने कहा कि



पिछले दिनों दक्षिण अफ्रीका में आयोजित शिखर सम्मेलन में उन्होंने स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए दुनिया की कई बड़ी हस्तियों को भारतीय कलाकारों और शिल्पकारों की ओर से तैयार की गई वस्तुएं भेंट की थी । उन्होंने कहा कि उदयपुर के चांदी से जुड़े कार्य करने वाले शिल्पकार उनकी ओर से तैयार की गई एक घोड़े की कलाकृति उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री को गिफ्ट के रूप में दी थी। जिसे देखकर कनाडा के प्रधानमंत्री काफी खुश और प्रभावित हुए थे उन्होंने कहा कि उनकी हमेशा कोशिश रहती है कि भारत में भारत के कारीगरों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों को पूरे विश्व में अलग से पहचान दिलाएं इसीलिए उन्होंने दक्षिणी अफ्रीका में आयोजित शिखर सम्मेलन में तमिलनाडु तेलंगाना इत्यादि राज्यों के कारीगरों और सिर्फ कारों की ओर से तैयार की गई वस्तुओं को उन्होंने दुनिया के कई देशों के प्रधानमंत्री को गिफ्ट की थी। जानकारी के अनुसार रविवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उदयपुर के शिल्पकारों की मेहनत और उनकी कला की प्रशंसा की और कनाडा के प्रधानमंत्री को अपने हाथों से उनकी ओर से तैयार की गई वस्तु को गिफ्ट देने की बात कही तो उदयपुर के शिल्पकारों के चेहरों पर खुशी छा गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह प्रयास एक तरफ जहां स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा तो दूसरी तरफ उदयपुर के शिल्पकारों को भी इससे काफी फायदा होगा और उनके उत्पादों की लोकप्रियता पूरी दुनिया में और बढ़ेगी जिसकी वजह से उनके कारोबार में भी वृद्धि होगी और उदयपुर जो पहले से ही झील और खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है उसको अब शिल्प कला के क्षेत्र में भी और एक नई अलग पहचान मिलेगी द्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में भारत के किसानों और खेती की भी खूब तारीफ की और कहा कि भारत के किसानों की मेहनत और प्रयास से 357 मिलियन तन रिकॉर्ड कृषि उत्पादन हुआ है मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारत में हनी उद्योग के तेजी से प्रगति करने पर भी खुशी जाहिर की और कहा कि भारत के कई राज्यों में शहद का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि 11 साल पहले शहर का उत्पादन 74000 मिलियन टन हुआ करता था आज वह बढ़ाकर डेढ़ लाखमिलियन टन हो गया है उन्होंने कहा कि कर्नाटक नागालैंड और देश के अलग-अलग हिस्सों में इस कारोबार से लाखों लोग जुड़े हुए हैं जिनकी वजह से देश का हनी उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है उन्होंने इस उद्योग के बारे में विस्तार से बातचीत करते हुए जानकारी दी की नागालैंड में चट्टानों पर मधुमक्खियां के छते ऊंची पहाड़ियों पर स्थापित किए जाते हैं और वहां शहद निकलने से पहले वहां के लोग बाकायदा मधुमक्खियां से इजाजत और आशीर्वाद भी लेते हैं मोदी ने जम्मू कश्मीर में भी हानि उद्योग के तेजी से विस्तार करने पर प्रशंसा जाहिर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देश के वैज्ञानिकों कीभी खूब तारीफ की और उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर इसरो की ओर से प्रचारित हो रहे एक ड्रोन के वीडियो ने उन्हें काफी प्रभावित किया ।उन्होंने कहा कि भारत के युवा वैज्ञानिकों की ओर से नई सोच और नवाचारों के माध्यम से जो ड्रोन तैयार किया जा रहे हैं उसी का नतीजा है कि भारत चंद्रयान 3 स्थापित करने में सफल रहा उन्होंने कहा कि जब चंद्रयान 2 के प्रक्षेपण के दौरान चंद्रयान का संपर्क टूट गया था। उस समय इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों के चेहरों पर ही उदासी नहीं छाई थी बल्कि पूरे देश के लोगों के चेहरों पर उदासी छा गई थी लेकिन भारत के वैज्ञानिकों ने नए जोश और जज्बे के साथ असफलताओं से सीख हासिल करके चंद्रयान 3 अभियान को सफलतापूर्वक संपादित करके पूरी दुनिया को चकित कर दिया और अंतरिक्ष में भारत के नाम का डंका बजा दिया उन्होंने कहा कि उन्हें भारत के युवा वैज्ञानिकों पर गर्व है जो नवाचार और अपनी बुद्धि से ड्रोन तैयार करने में माहिर हुए हैं।

CMYK

## अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित होगा 14 दिसंबर को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा, अलवर के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14/12/25 रविवार को प्रातः 10-30 बजे प्रतिभावान सम्मान समारोह स्थान श्रीसिद्धिविनायक मैरिज होम, नगली सर्किल अलवर में आयोजित होगा। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10th 12th, स्नातक, स्नातकोतर, इजि. आईटीआई, पॉलिटेक्निक, मे 70' या इससे ऊपर अक़ लाने वाले एवं डिग्रीः एम बी बी एस, आई आई टी, में उतीर्ण होने वाले तथा राजकीय सेवा में चयन एवं खेल-कूद में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले छात्र छात्राओं के साथ साथ जिला स्तर पर सम्मानित होने वाले राजकीय कार्मिकों को भी सम्मानित किया जायेगा।

## राठ केसरी स्वर्गीय घासीराम बेतोड़ व्यक्तित्व के धनी थे - यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड(निसं.)।** राठ केसरी स्वर्गीय घासीराम जी पूर्व सांसद अलवर की 27वीं पुण्यतिथि दिनांक 30 नवंबर 2025 को राठ केसरी घाट पर भूनगडा-अहीर (मुंडावर) में मनाई गई। तथा श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मोन धारण और ईश्वर से कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तीराम यादव एडवोकेट प्रधान प्रतिनिधि बहरोड ने कहा कि राठ केसरी घासीराम जी एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे जो आठ बार विधायक, मंत्री सांसद के रूप में कुशल राजनेता रहे। जिनका आज तक कोई तोड़ नहीं है जो निर्भीक निडर और स्पष्ट वक्ता थे। इस अवसर पर स्वर्गीय घासीराम की पुत्री सावित्री, शकुंतला, शारदा, तथा पुत्रवधू उमा यादव एवं पौत्री जीएसटी कमिश्नर रितु यादव, तथा सरपंच सोताज सिंह यादव पार्षद रोहतास मेघवाल रोहतास गुर्जर तथा ग्रामीण साधुराम, हरि सिंह, रामनिवास, राम अवतार सरपंच, सुबह सिंह, रमेश सेक्रेटरी, रोडवेज प्रबंधक रहे श्रीराम यादव, शशि शर्मा योगेश शर्मा, महेंद्र मास्टर, करण शर्मा, सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## साइकिल पर सुरक्षा का जायज़ा

### एडिशनल एसपी शरण कांबले का अनोखा नवाचार




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रविवार की सुबह अलवर शहर ने पुलिसिंग का एक अनूठा रूप देखा, जब एडिशनल एसपी शरण कांबले साइकिल पर शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण करने निकले। उनके थाने या चौकी पर पहुंचते ही पुलिस स्टाफ अलर्ट मोड में दिखाई दिया। यह पहल जहां पुलिस विभाग के लिए प्रेरणा बनी, वहीं शहरवासियों के बीच भी चर्चा का विषय रही एडिशनल एसपी कांबले ने बताया कि फिटनेस और तेज फील्ड वर्क के लिए साइकिल चलाना बेहद फायदेमंद है। रविवार का लाभ उठाते हुए उन्होंने सुबह से कई संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था, पुलिस गश्त और जनसुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कांबले ने आम लोगों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच मजबूत संवाद बेहतर कानून व्यवस्था की नींव है। उन्होंने बताया कि हर थाने में 'पुलिसिंग को विकसित' करने के प्रयास जारी हैं एडिशनल एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और डिप्टी एसपी को सप्ताह में कुछ दिन साइकिल पर क्षेत्र का दौरा करने के निर्देश दिए, जिससे जमीनी स्थिति का बेहतर आंकलन होने के साथ-साथ पुलिस टीम की फिटनेस भी बनी रहेगी शहरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम पुलिस को जनता के और करीब लाएगा। साइकिल पर शहर का यह निरीक्षण अलवर में सक्रिय, सतर्क और संवेदनशील पुलिसिंग की नई उदाहरण बनकर सामने आया है।

## मण्डावा में सीवरेज ओवरफ्लोः गंदगी से आमजन हो रहे परेशान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा के वार्ड नंबर 18, रैगरान - कुमावत कॉलोनी में सीवरेज ओवरफ्लो होने से परेशान है । मुरारी सनोदिया ने बताया-कम्पनी की कथित लापरवाही के कारण सीवरेज लगातार ओवरफ्लो हो रहा है। इससे रास्ते में गंदगी और जलभराव की समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में फैली गंदगी और



दुर्गंध के कारण राहगीरों, विशेषकर स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे रास्तों से आवागमन मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई बार सीवरेज कंपनी के प्रतिनिधियों से सीवरेज की समस्या को ठीक करने का आग्रह किया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसकी शिकायत नगर पालिका में भी कई बार की गई, पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

### नशे का अड्डा बनता अलवर

# स्कूली और कॉलेज के छात्र भी आ रहे चपेट में स्थिति चिंताजनक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** शहर में नशे का बढ़ता प्रसार अब गंभीर सामाजिक समस्या बनता जा रहा है नशे की तस्करी और सेवन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि नशे की चपेट में स्कूल और कॉलेज के छात्र बड़ी संख्या में आते नज़र आ रहे हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के कई इलाकों में रात के समय संदिग्ध गतिविधियां बढ़ी हैं, जहां नशे का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के आसपास, कुछ पार्कों और सुनसान गलियों में नशे के सौदागर सक्रिय रहते है।




### छात्रों की बढ़ती लत घरवालों में बढ़ी चिंता

*परिवारों की शिकायत है कि किशोर और युवा वर्ग में नशे का रुझान खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। कई स्कूलों के शिक्षक और कॉलेज प्रशासन भी इस समस्या को लेकर चिंतित दिखाई देते हैं। उनका कहना है कि 15 से 22 वर्ष आयु वर्ग के छात्र गुटबंदी में नशा करना शुरू कर देते हैं, जो आगे चलकर अपराधों में भी बदल सकता है।*

### पुलिस की कार्रवाई पर नशे का नेटवर्क मजबूत

पहले भी पुलिस ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर कई नशा बेचने वालों को गिरफ्तार किया है, लेकिन आमजन का मानना है कि नशे का नेटवर्क गहरा और संगठित है। अक्सर छोटे स्तर के पेडलर पकड़े जाते हैं, जबकि असली सरगना पर्दे के पीछे सुरक्षित रहते हैं।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चेतावनी

चिकित्सकों के अनुसार, शुरुआती उम्र में नशे की शुरुआत युवाओं के मस्तिष्क और भविष्य पर गहरा असर डालती है। इससे न केवल शारीरिक नुकसान होता है बल्कि मानसिक तनाव, अवसाद और पढ़ाई से दूरी जैसी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं।

### जनजागरण कार्यक्रमों की आवश्यकता

सामाजिक संगठनों का कहना है कि केवल पुलिस कार्रवाई से समस्या का समाधान संभव नहीं है। स्कूलों, कॉलेजों और मोहल्लों में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना होगा। इसके साथ ही माता-पिता को भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने की सलाह दी जा रही है अलवर में नशे का यह फैलता जाल प्रशासन अभिभावकों और समाज तीनों के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सीमा बढ़ाई; अब 11 दिसंबर तक चलेगा गणना कार्य

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी 2026 को होगा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत निर्वाचन आयोग ने 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सारणी में संशोधन किया है। आयोग ने विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित तिथियों को एक सप्ताह तक बढ़ा दिया है, जिससे आमजन और प्रशासन को मतदाता सूची अद्यतन करने के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ आर्तिका शुक्ला ने बताया कि आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, अब जिले में गतिविधियां निम्न तिथियों तक संपन्न की जाएंगी। उन्होंने बताया कि गणना अवधिः घर-घर जाकर सर्वे और गणना का कार्य अब 11 दिसंबर 2025 (गुरुवार) तक पूरा किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरणः मतदान केंद्रों के पुनर्गठन और युक्तिकरण का कार्य भी 11 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा।ड्राफ्ट रोल की तैयारीः कंट्रोल टेबल का अपडेशन और प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी 12 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 के बीच की जाएगी।प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशनः मतदाता सूची का ड्राफ्ट (प्रारूप) अब 16 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को प्रकाशित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियांः मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी। दावों का निस्तारणः प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 16 दिसंबर 2025 से 07 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। अंतिम प्रकाशनः मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। जिला निर्वाचन जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया है कि वे बढ़ी हुई समय सीमा का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

## चिकित्सा शिविर में 52 रोगी लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा।** रामगढ़ रोड. स्थित सोनी गेस्ट हाऊस में रविवार को भूदरमल सत्यनारायण सोनी ट्रस्ट की ओर से निशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर आयोजित हुआ । जिसमें 52 मरीज लाभान्वित हुए, जिनकी ब्लड शुगर ,बीपी और द्रष्ट जाच फ्री की गई, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सरोज सोनी, डॉक्टर भावेश सोनी, डॉक्टर अतुल सोनी, डॉक्टर भवानी सोनी ,डॉक्टर राशि सोनी ,आदि ने अपनी सेवाएं दी इस मौके पर प्रहलाद राय सोनी, सज्जन सोनी ,प्रमोद सोनी, ललित सोनी, सुनील सोनी, भवानी शंकर सोनी, विमल मिश्रा, तोलाराम सोनी, विजय सोनी आदि मौजूद रहे

## कथा में सुनाया श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गनोड़ा रोड़ स्थित किस्तूरनाथ महाराज की बगीची में चल रही श्रीमद्भागवत कथा चौथे दिन मुख्य यजमान दुर्गा देवी गोपाल छपोला दडीबा रहे। रविवार को संत सोमनाथ महाराज लिखमादेसर सानिध्य रहा। इसय अवसर पर श्रीष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। सोहनराम, बेगाराम, सागर महाराज, जसूराम, रेखाराम, जगराम, महावीर और राजूराम आदि ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। कथावाचक पं. मोहित राज शास्त्री ने भगवान के जन्म का प्रसंग सुनाया। वहीं कृष्ण जन्मोत्सव पर श्रद्धालु नाचते गाते झूमते नजर आए। वहीं कथा सुनने के लिए आस-पास के बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

## 'पाठशालाएं बनेंगी अब खुशीशाला, विद्यार्थी खुलकर जी सकेंगे बचपन '

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (ऱस्ष्ट्श्चऱ्ञ), उदयपुर ने प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और वेलबीइंग को मज़बूत करने के लिए 'खुशीशाला - खुद की खोज' कार्यक्रम शुरू किया है। 'खुशीशाला' के तहत झुंझुनूं ज़िले की ष्ठढ्ढश्व्ञ में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई, जिसका उद्घाटन डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया एवं उपप्रधानाचार्य एवं डी.आर.यू. प्रभारी डॉ. सीमा सूरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों में स्व-जागरूकता, आत्म-नियमन, करुणा और जीवन-मूल्यों जैसे कौशल विकसित कर सुरक्षित और सहयोगी कक्षा वातावरण बनाना है। राजस्थान इस प्रकार की संगठित मानसिक स्वास्थ्य पहल शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। राजस्थान इस दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। खुशीशाला के लिए तैयार शिक्षक संदर्शिकाएं तीन वर्षों की गहन अकादमिक शोध प्रक्रिया का परिणाम हैं। इस पहल में ऱस्ष्ट्श्चऱ्ञ निदेशक श्वेता फगेड़िया, डिप्टी डायरेक्टर पीयूष कुमार जैन और प्रभागाध्यक्ष आभा शर्मा का मार्गदर्शन रहा है। सुमित्रा झाझड़िया ने अपने वक्तव्य में बताया कि इस पहल का उद्देश्य परंपरागत शिक्षण-पद्धति को आनंददायी, अनुभवात्मक तथा ज्ञान और खुशियों का संगम बनाकर विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व-विकास की दिशा में नया मार्ग प्रशस्त करना है। डॉ. सीमा सूरा के निर्देशन में एस.आर.जी. राजेश कुमार, राजबाला, शारदा तथा क्षमतालय फाउंडेशन उदयपुर के प्रोग्राम लीडर गर्व और अभिषेक द्वारा प्राथमिक स्तर के विद्यालयों के 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. सीमा सूरा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों में आत्म-चेतना, भावनाओं की पहचान और निर्णय क्षमता विकसित करने पर केंद्रित रहेगा। संस्थान में नवाचार के रूप में प्रशिक्षणों में डिस्पोज़ेबल कप की जगह सिरेमिक कप के उपयोग की पहल से प्रेरित होकर खुशीशाला प्रशिक्षणार्थियों एवं एस.आर.जी. सदस्यों राजेश कुमार, राजबाला और मुकेश कुमार ने 50 सिरेमिक कपों का सेट डी.आर.यू. प्रभागाध्यक्ष डॉ. सीमा सूरा एवं प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया को भेंट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. राजबाला ढाका, सरोज चौधरी, शिल्पा, विनिता, विधि, अंजू सैनी, सुरेन्द्र सिंह यादव उप प्राचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, माकड़ों एवं डी.एल.एड. शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## लखनऊ जंबूरी से लौटने पर स्काउट गाइड का किया सम्मान किया

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के स्काउट गाइड ने 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ (23से29नवम्बर2025)में राजस्थान जीत का इतिहास रचकर लौटने पर रविवार को नवलगढ़ रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया । नवलगढ़ संघ की प्रेरणा उच्च माध्यमिक विद्यालय व जी पी एस पोद्दार नवलगढ़ के 28 स्काउट गाइड व लीडर कविराज आर्य ,रौनक वर्मा गाइड कैप्टन अनीता आर्य व ममता राणावत के नेतृत्व में स्काउट गाइड ने कैंप क्राफ्ट, बी पी सिक्स , पायनियरिंग प्रोजेक्ट ,प्रदर्शनी रंगोली, कलर पार्टी व मार्च पास्ट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर राजस्थान स्टेट को ऑल ओवर अवार्ड दिलाने में भागीदारी निभाने व



सकुशल नवलगढ आने पर आज जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा, संघ के संरक्षक कैलाश चोटिया, लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया, पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार, उप प्रधान पंकजशाह ,सुहित पाडिया ,प्रेरणा के डायरेक्टर मनोज यादव ,सी.एम.डी उर्मिला यादव , गाइड कैप्टन सुनीता आर्य ,सी ई ओ शिव कुमार मील, एडवोकेट संपत सिंह शेखावत, स्काउटर रूक्मानंद खत्री, सुल्तान सिंह सैनी, सीताराम सैनी सहित स्काउट के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष विधायक मनोज मेघवाल का जय निवास पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए सबको साथ लेकर कार्य किया जाएगा। सभापति प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश गौरी, कांग्रेस नेता हितेश जाखड़, चूरू जिला सेवादल की महिला अध्यक्ष डॉ. योगिता सक्सेना, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, पार्षद मधु बागरेचा, पार्षद तरूण सियोता, उप सभापति अमित मारोठिया, पार्षद ईकबाल खान कायमखानी, मुकुल मिश्रा, विद्याधर बेनीवाल, सफी मोहम्मद, असलम मौलानी, सुनीता रावतानी, प्रमिला राठी आदि ने नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मेघवाल का अभिनंदन किया।

## गोपालपुरा प्रशासक को मिला राज्य सरकार का न्यौता

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जयपुर मेरियट होटल में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित होने वाली जल स्वावलंबन हेतु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कॉन्फ्रेंस में दो पंचायत प्रशासकों को न्यौता दिया गया है, जिसमें गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी को राजस्थान में बरसाती पानी बचाने को लेकर किए गए प्रयासों हेतु जागरूक करने के लिए निमंत्रित किया गया है। पंचायत राज मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना में उद्योगपतियों की भागीदारी वृक्षारोपण एवं वाटर शेड कार्यों पर चर्चा कर क्रियान्वति में राजस्थान



सरकार, यूनिसेफ के साथ सुनिश्चित की जाएगी। राठी ने पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर का आभार जताया। इससे पूर्व संविधान दिवस पर केंद्र सरकार द्वारा जारी संविधान की 22 भाषाओं में देश के सभी राज्यों से जन प्रतिनिधियों की आवाज में संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए के वीडियो में राजस्थान की तरफ से एकमात्र पंचायत प्रशासक सविता राठी ने भाग लिया। सबसे गर्व की बात है कि देश में बने इस वीडियो में सर्वप्रथम राजस्थान में गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी द्वारा प्रस्तावना पढ़ी गई।

## छापर रोड़. पर आग का गोला बनी स्वीफ्ट कार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** छापर रोड़ पर एक गैरेज के बाहर खड़ी कार में आग लग जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सालासर रोड़ पर गत रात्रि को हुई सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार को रिकवरी वेन की सहायता से लाया गया। आबकारी थाने के पास स्थित गैराज के बाहर क्षतिग्रस्त स्वीफ्ट कार को रात करीब 12 बजे लाकर खड़ा किया गया। इस



कार में बैटरी से धीरे-धीरे आग पकड़ी और करीब तीन बजे पूरी कार आग का गोला बन गई। बाद में पड़ोसियों ने देखा और पार्षद प्रतिनिधि अमजद खान मौके पर पहुंचे और फायर बिग्रेड को बुलाया गया। पार्षद प्रतिनिधि अमजद खान ने बताया कि मोहल्ले के गिरधारी स्वामी, ब्रह्मप्रकाश, असगर खां, बाबूलाल प्रजापत सहित दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत ये रही कि अगर कार गैराज के अंदर नहीं थी, वरना काफी सारी कारें, इसकी चपेट में आ सकती थी।

# विचार, दृष्टि और उद्देश्य में जूली का कोई सानी नहीं- चीफ डोटासरा

## जनता की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता- टीकाराम जूली





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली का 45वां जन्मदिन सादगीपूर्ण माहौल में रक्तदान शिविर एवं सामाजिक सरोकार की दिशा में अहम योगदान देने वाले कार्यक्रमों के साथ आयोजित हुआ। जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित भावानात्मक समारोह में सभी ने उनके नेतृत्व जनसेवा और सामाजिक योगदान की जमकर सराहना की। राजस्थान विधानसभा में उनकी शांत, संयमित और तथ्यों पर आधारित शैली की हर कोई चर्चा करते नजर आया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि रक्तदान शिविर में सेवा और समर्पण का भाव साक्षात झलक रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के लिए यह पहल निश्चित तौर पर वरदान साबित होगी। सिंह रविवार को नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली के 45वें जन्मदिवस के अवसर पर जयकृष्ण में आयोजित रक्तदान शिविर एवं स्नेह मिलन समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान से हम किसी को एक नया जीवन दे सकते हैं। सिंह बोले जूली का पारिवारीक जीवन भी उनकी सियासत जितना ही अनुशासित और समर्पण भरा रहा है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि विचारदृष्टि और उद्देश्य से बंधे जूली का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व कर सत्ता पक्ष के मुखिया से लेकर सभी की क्लास लगा रखी है। उन्होंने कहा कि जूली हमेशा गरीब वंचित और आमजनता के हितों की राजनीति करते हैं। उनके विचार समाजों को जोड़ने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने वाले रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि देवतुल्य जनता ने उन्हें राजनीति के माध्यम से सेवा करने का मौका दिया है जिसे वे हरकदम पर पूरी आत्मीयता के साथ निभा रहे है और निभायेंगे। जूली बोले राजनीति में सेवा सर्वोपरि है और जब सेवा को केन्द्र में रखा जाए तो पद अपने आप आ जाते है। जूली ने फिर एक बार अपने सियासी सफर का श्रेय वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भंवर जितेन्द्र सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि जितेन्द्र सिंह की बदौलत ही आज वे इस मुकाम पर पहुंचे है।

### जूली के जन्मदिन पर फोन पर देर रात से ही चला बधाईयों का सिलसिला

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के जन्मदिवस पर विधासभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, रोहतक सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलेट, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व मंत्री युनुस खान, महाराजा विश्वेन्द्र सिंह, रघु शर्मा, नीतू डीसूजा , मेवाराम जैन, शिमला नायक, गोपाल मीणा, रोहित बोहरा, रामलाल मेघवाल, मोहन प्रकाश ने उन्हें फोन पर बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के जन्मदिवस के अवसर पर उन्होंने भगवान जगन्नाथ मंदिर, श्री त्रिपोलिया महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। फिर गुरूद्वारा साबिह में अरदास की। उन्होंने मदर टेरेसा होम में फल वितरण, इंदिरा रसोई में भोजन वितरण, सार्वजनिक गोशाला में चारा वितरण, राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में फल वितरण, मोती डूंगरी स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना एवं श्री सैयद बाबा मजार पर चादर, पुराना सूचना केन्द्र में भोजन वितरण, राजीव गांधी पार्क में पौधा रोपण, बिजली घर चौराहे पर भोजन वितरण एवं कम्बल वितरण किए।

### दिव्यांगों ने जन्मदिन समारोह में को दिया अलग रंग

नेता प्रतिपक्ष और दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से 24 घंटे कार्य करने वाले टीकाराम जूली के जन्मदिन के कार्यक्रम में सैकडों की संख्या में पहुंचे दिव्यांगों ने समारोह का मिजाज ही बदल दिया। जहां सभी मंच पर जूली को बधाई दे रहे थे वहीं अपनी स्कूटी पर बैठकर दिव्यांगों ने अपने महबूब नेता जूली के जयकारे लगाने शुरू किए। तभी जूली ने अपनी सरल छवि का परिचय देते हुए मंच से नीचे उतकर उनकी शुभकामनाएं स्वीकार की।

### चांदी के मुकुट से किया जूली का स्वागत, चांदी की तलवार से कांटा केक

नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली के जन्मदिवस के अवसर पर उनके समर्थकों द्वारा उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया वहीं उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया गया। जूली के समर्थकों ने चांदी की तलवार से ही उनका बर्थडे केक कटवाया।

## राजीव गांधी कॉलोनी धोबी घाट में नाले चोक, सड़क पर गंदा पानी

### पालिका प्रशासन की खुली लापरवाही,शिकायतों के बाद भी नहीं हिला तंत्र



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** राजीव गांधी कॉलोनी धोबी घाट इन दिनों गंदगी के दलदल में तब्दील हो चुका है, और जिम्मेदार पालिका प्रशासन इस भयावह स्थिति पर मूकदर्शक बना बैठा है। मुख्य सड़क मार्ग पर नाले हफ्तों से चोक पड़े हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बहकर बदबू, कीचड़ और बीमारी का खतरा फैला रहा है।कॉलोनीवासियों मे संतोष कुमार ढोल, मुकेश लखन, दिनेश लखन, विक्रम सरवान, कन्हैया घेघारू, विद्या नदाहनिया, अनु गोयर और प्रकाश ने कड़े शब्दों में आरोप लगाया कि पालिका अधिकारी बार-बार शिकायत के बाद भी मौके पर झांकने तक नहीं आए। जनता की पीड़ा सुनना तो दूर, सफाई की कोई व्यवस्था तक नहीं कराई गई। नालों में जमे सड़े पानी से स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। हालात रोज बिगड़ते जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की लापरवाही जस की तस है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सफाई अभियान नहीं चलाया गया तो वे सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध करेंगे। कॉलोनी में फैली गंदगी आज प्रशासन की नाकामी की सबसे बड़ी मिसाल बन चुकी है।

## खेलो इंडिया गेम्स में तकनीकी अधिकारी बने डॉ. मोहन चौधरी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निसं.)** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मानसरोवर के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक डॉ. मोहन चौधरी को राजस्थान में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया। डॉ. मोहन ने बताया कि यह प्रतियोगिता राजस्थान एवं भारत सरकार के खेल मंत्रालय की ओर से राजस्थान के 7 संभागीय शहरों में आयोजित हो रही है। जयपुर में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी के रूप में काम करने का मौका प्राप्त किया। डॉ. मोहन ने इससे पहले खेलो इंडिया में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य किया है और कई राष्ट्रीय व अंतरष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी तकनीकी अधिकारी रह चुके हैं।

## मदन राठौड़ के बेटे की शादी में दिग्गज नेताओं का जमावड़ा, भजनलाल शर्मा भी हुए शामिल

### गृहमंत्री अमित शाह राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेमचंद बेरवा सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य पार्टी के विधायक और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी हुए शामिल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ के पुत्र श्रेयांश राठौर की शादी के उपलक्ष में पाली में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं के आने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला पूर्व, मंत्री राजेंद्र राठौड़, राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया ,पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ,उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य जोराराम कुमावत, सुमित गोदारा सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और भाजपा के वर्तमान और पूर्व विधायक तथा पार्टी के कई वर्तमान सांसद और पूर्व सांसद भी शादी समारोह में नजर आए उल्लेखनीय है कि राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ राज्यसभा के सांसद भी हैं राठौर अपने मधुर व्यवहार और शालीन व्यवहार को लेकर भारतीय जनता पार्टी में ही नहीं बल्कि अन्य राजनीतिक दलों में भी सम्मान की निगाहों से देखा जाते हैं ।मदन राठौड़ जब भी कोई बात कहते हैं तो उनके भाषण के हर शब्द में मर्यादा की झलक साफ देखने को मिलती है । इसलिए मदन राठौड़ की अपनी एक अलग पर्सनालिटी है इसी वजह से राजस्थान विधानसभा हो या फिर राज्यसभा उन्हें हर कोई नेता पसंद करता है इसीलिए उनके पुत्र की शादी में बड़ी संख्या में राजनेताओं की उपस्थिति देखी गई है। रविवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे जब मदन राठौड़ के बेटे की शादी को अटेंड करने के लिए पाली पहुंचे तो पाली सर्किट हाउस पर उन्हें गोद आफ ऑनर दिया गया राठौर ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। इसी तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए पाली पहुंचे । उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी वर वधु को आशीर्वाद दिया और दिया कुमारी ने पाली में ओम आश्रम में भगवान शिव की पूजा अर्चना की और वहां मौजूद साधु संतों से आशीर्वाद भी लिया।

## जयपुर में लेपर्ड के मूवमेंट ने वन विभाग का दिन का चैन और रातों की नींद उड़ाई, रविवार को भी की बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में पिछले कुछ महीनो से लेपर्ड के मूवमेंट से जयपुर के लोगों में ही दहशत नहीं फैली है बल्कि लेपर्ड के मूवमेंट से वन विभाग के छोटे-बड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी काफी परेशान हैं और इन अधिकारियों और कर्मचारियों की रातों की नींद भी उड़ गई है जिसका ताजा उदाहरण रविवार को देखने को मिला ।जब रविवार को छुट्टी होने के बावजूद भी वन विभाग के उच्च अधिकारी अरुण पुरी ने लेपर्ड के मूवमेंट को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ काफी देर तक बातचीत की और उन्होंने आवासीय बस्तियों में वन्यजीवों के मूवमेंट को हर हाल में रोकने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों कोदिए उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो से जयपुर के विभिन्न इलाकों में पैंथर के मूवमेंट से लोगों में घबराहट छाई हुई है कुछ दिन पहले जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोर के दुर्गापुर इलाके में स्थित आवास के आसपास सीसीटीवी कैमरे में पैंथर का चित्र कैद हुआ था जिसके बाद वन विभाग की टीमों ने इस पैंथर को पकड़ने के लिए काफी देर तक रेस्क्यू अभियान को संपादित किया और फिर आखिर में पैंथर को पड़कर वापस जंगल में भेजा गया इसके कुछ दिन बाद ही सिविल लाइंस इलाके में राजस्थान सरकार के मंत्री सुरेश सिंह रावत के आवास में भी पैंथर का मूवमेंट सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था इसके बाद वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद पैंथर को पड़कर वापस जंगल भेजा गया। अभी जयपुर के चांदपोल और आसपास के इलाके में भी लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया इस तरह से पैंथर के लगातार नियमित रूप से आवासीय बस्तियों में विचरण करने की खबर ने वन विभाग के छोटे बड़े सभी अधिकारियों को काफी चिंता में डाल दिया है हालांकि वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई बार झालाना की डूंगरी और नाहरगढ़ की पहाड़ियों तथा अन्य जंगलों से वन्य जीव भटकते हुए आवासीय बस्तियों में आ जाते हैं जानकार लोगों का यह भी कहना है कि कई बार पानी और भूख मिटाने के लिए भी आवश्यक वस्तुओं की ओर लेपर्ड अपना मूवमेंट कर लेते हैं हालांकि पैंथर के मूवमेंट अब से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से जयपुर में देखने को मिला है लेकिन इस बार पिछले कुछ दोनों में ही लगातार पैंथर जयपुर के अलग-अलग इलाकों में नजर आ रहा है उसकी वजह से इस बार वन विभाग के अधिकारियों का सरकार को जवाब देना काफी मुश्किल हो गया है यही वजह है कि रविवार को वन विभाग के बड़े ऑफिसर अरूणपुरी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पैंथर का मूवमेंट रोकने के हर संभव प्रयास करने को कहा है हालांकि वन विभाग ने जंगलों में तारबंदी बनाई हुई है लेकिन कई जगहों पर तारबंदी ठीक तरह से नहीं है या फिर तारबंदी के टूट जाने या अन्य किसी कारण की वजह से पैंथर जंगल से निकलने में कामयाब हो जाते हैं इसलिए इस बार वन विभाग जंगल में तारबंदी को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है ।

## प्रेमी युगल को जलाने का मामला: एसपी राशि डोगरा ने घटनास्थल का दौरा किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** दूदू के मोकमपुरा थाना इलाके में प्रेमी युगल को जिंदा जलाने के मामले में जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया और इस मामले में आरोपी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात भी कहीं और इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों को अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जानकारी के अनुसार जयपुर ग्रामीण एसपी राशि डोगरा रविवार को बडोलाव गांव में उस खेत में पहुंची जहांपर शुक्रवार की रात खेत पर सो रहे प्रेमी युगल पर पेट्रोल डालकर जला दिया गया था घटनास्थल का डोगरा ने गंभीरता से अवलोकन किया और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को जो इस मामले की जांच कर रहे थे उन्हें अपनी ओर से गाइडलाइन भी प्रेषित की तथा इस मामले में दोषी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इस बात के लिए भी उन्होंने मामले की जांच कर रहे अधिकारियों को साफ निर्देशित किया इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है उनसे पूछताछ जारी है पत्रकारों से बातचीत के दौरान राशि डोगरा ने कहा है कि इस मामले में अस्पताल में भर्ती प्रेमी युगल के बयान ले लिए गए हैं बयानों में आरोपी लोगों के नाम भी बताए गए हैं जिन्हें हिरासत में भी ले लिया गया है । जानकारी के अनुसार प्रेमी युगल का सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार जारी है दोनों की हालत अभी खतरे से बाहर नहीं हुई है जिस महिला का अस्पताल में उपचार जारी है उसके पति का देहांत पूर्व में हो चुका है और जिस प्रेमी का अस्पताल में इलाज जारी है वह शादीशुदा है जानकारी के अनुसार दोनों के बीच अवैध संबंध होने की जानकारी उनके परिजनों को पहले से ही थी इसलिए शुक्रवार को परिजनों को एहसास हो गया था कि दोनों खेत में साथ हैं इसलिए पीछा करते हुए आरोपी लोग प्रेमी के खेत तक पहुंच गए थे जहां उन्होंने प्रेमी युगल पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी आग लगने के बाद प्रेमी तड़पता हुआ मौके से भाग गया था लेकिन प्रेमिका वहीं पर जली हुई अवस्था में आसपास के लोगों को मिली जिसे अस्पताल पहुंचाया गया और फिर प्रेमी को भी अस्पताल पहुंचाया गया इस मामले में प्रेमी का शरीर प्रेमिका से ज्यादा जला है। यह रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है इस मामले को जयपुर ग्रामीण एसपी ने भी गंभीरता से लिया इसलिए उन्होंने रविवार को खुद घटनास्थल का दौरा किया ।

# एसएमएस मेडिकल कॉलेज में रैगिंग: यूजीसी के पोर्टल पर क्यों जाना पड़ा पीड़ित छात्र को

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।**जयपुर के मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्र की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से इस मामले में दोषी 17 मेडिकल स्टूडेंट को निलंबित जरूर कर दिया है। जिसमें 16 स्टूडेंट सेकंड ईयर क्लास के हैं लेकिन यहां पर सबसे बड़ा सवाल यही आकर खड़ा हो गया है कि जयपुर का मेडिकल कॉलेज पूरे देश का काफी प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज है और रैंकिंग को रोकने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय को साफ निर्देशित किया हुआ है और इसके लिए व्यापक इंतजाम करने को भी कहा गया है और व्यापक इंतजाम मेडिकल कॉलेज में ही नहीं बल्कि देश की सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से रैंकिंग को रोकने के लिए किया भी जाते हैं इसके




बावजूद भी जयपुर के मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंटों से सीनियर स्टूडेंट की ओर से गलत बर्ताव किया गया हालांकि जयपुर मेडिकल कॉलेज परिसर में या फिर कॉलेज के छात्रावास में यह रैगिंग की घटना नहीं हुई बल्कि कॉलेज क्षेत्र से दूर पीढ़ी छात्रों के साथ आनंदपुरी में जहां मेडिकल स्टूडेंट के छात्र रहते थे वहां पर उनके साथ रैगिंग की गई लेकिन यहां पर बड़ा सवाल यही आकर खड़ा हुआ कि पीड़ित छात्रों ने मेडिकल प्रशासन की ओर से गठित एंटी रैगिंग कमेटी को शिकायत करने की बजाय यूजीसी के पोर्टल पर सामूहिक रूप से शिकायत की इसलिए स्थानीय स्तर पर छात्रों ने शिकायत करने की वजह यूजीसी के पोर्टल पर अपने साथ हुए गलत बर्ताव की शिकायत की जो कहीं ना कहीं यह दर्शाता है की शिकायत करने वाले छात्रों को स्थानीय प्रशासन या कमेटी की ओर से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं थी इसलिए उन्होंने यूजीसी के पोर्टल पर शिकायत की हालांकि यूजीसी के पोर्टल पर शिकायत करने के बाद एंटी रैगिंग कमेटी की ओर से त्वरित कार्रवाई की गई और 17 स्टूडेंट को निलंबित भी किया गया है अगले आदेश तक इन्हें क्लास अटेंड नही करने दी जाएगी इसके अलावा हॉस्टल वार्डन को भी चेतावनी दे दी गई है लेकिन जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से एंटी रैगिंग कमेटी की जो स्थापना की गई है उस कमेटी को अब नए सिरे से मेडिकल स्टूडेंटों के बीच जाकर काम करना होगा और अपना विश्वास जमाना होगा ताकि कोई भी पीड़ित छात्रा बिना किसी डर के अपनी बात कमेटी के सदस्यों को कह सके इसके लिए कमेटी को अपनी ओर से और भी नवाचार और नए प्रयास करके मेडिकल के जूनियर स्टूडेंट के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और भी इमानदारी से निभाने की जरूरत है जानकारी के अनुसार जयपुर मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंटों ने सामूहिक रूप से यूजीसी के पोर्टल पर अपने साथ हुए गलत व्यवहार की शिकायत की शिकायत में कहा गया कि सीनियर स्टूडेंट उन्हें गाना सुनने डांस करने और मुर्गा बनाने जैसी बातें कह कर उन्हें परेशान करते हैं हालांकि जयपुर मेडिकल कॉलेज एंटी रैगिंग कमेटी का कहना है कि कमेटी ने अपने स्तर पर रैगिंग रोकने के प्रयास भी किए हैं इसके लिए कमेटी के सभी सदस्यों के मोबाइल नंबर एड्रेस सब कुछ दिया हुआ है और छात्रों को बिना किसी दबाव के अपनी बात कहने का मौका भी दिया हुआ है ।

# सभी समझें संविधान का सामर्थ्य




*1975 में जब देश पर आपातकाल थोपा गया तो न केवल उसका निरादर किया गया, बल्कि उसका मनचाहा इस्तेमाल भी किया गया। जब भी संविधान का इस्तेमाल मनमाने तरीके से किया जाएगा, उसकी शक्ति क्षीण होगी। यदि राजनीतिक दल अपने स्वार्थों के लिए संविधान का इस्तेमाल करेंगे तो इससे कहीं न कहीं जनता के हितों की भी अनदेखी होगी। यह किसी से छिपा नहीं कि इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए संविधान की अनदेखी कर जो आपातकाल लगाया, उसके दुष्परिणाम आम जनता को भी भोगने पड़े। संविधान की सार्थकता बढ़ाने के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी कार्य संविधानसम्मत ढंग से हों। यह भी आवश्यक है कि संविधान के प्रविधानों की मनमानी व्याख्या को रोका जाए। अपने देश में किस तरह संवैधानिक मामलों की मनचाही व्याख्या होती रहती है, इसका एक उदाहरण है आरक्षण।*

पिछले दिनों संसद के सेंट्रल हाल से लेकर अन्य स्थानों पर जो संविधान दिवस मनाया गया, उसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 से की थी। उन्होंने संविधान दिवस मनाना इसलिए आवश्यक समझा, ताकि देशवासी उसके मूल्यों और महत्ता से परिचित हो सकें। आज यदि भारत एक सफल लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है तो इसके पीछे एक बड़ा योगदान हमारे संविधान का है। संविधान की शक्ति ने ही देश को एकसूत्र में बांधकर रखा है। संविधान एक लंबी और श्रमसाध्य प्रक्रिया का परिणाम था। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है और उसमें देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन करने की गुंजाइश है। इसीलिए उसमें अब तक सौ से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं। ये संशोधन सभी दलों की सरकारों ने किए हैं। यह स्पष्ट ही है कि आगे भी आवश्यकतानुसार संशोधन होते रहेंगे, लेकिन यह विचित्र है कि पिछले कुछ समय से कई विपक्षी नेता उसे पत्थर की लकीर की तरह पेश करने में लगे हुए हैं। वे संविधान खतरे में है का शोर मचाते हैं। सबसे अधिक शोर कांग्रेस नेता राहुल गांधी मचा रहे हैं। वे संकीर्ण राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं। संविधान को खतरे में दिखाने के लिए वे जब-तब उसकी प्रति लहराते रहते हैं। यह एक शिगूफा ही है, क्योंकि वे उसी संविधान की ताकत से सांसद और नेता विपक्ष हैं, जिसे खतरे में बताते हैं। वे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को भी निशाने पर लिए हुए हैं, जो मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का अपना संवैधानिक काम कर रहा है। सच तो यह है कि यह राहुल गांधी ही हैं, जो संविधान को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। संविधान की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग उसकी भावना के अनुरूप किया जाता है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अतीत में संविधान का दुरुपयोग और उसका मनमाना इस्तेमाल किया गया। 1975 में जब देश पर आपातकाल थोपा गया तो न केवल उसका निरादर किया गया, बल्कि उसका मनचाहा इस्तेमाल भी किया गया। जब भी संविधान का इस्तेमाल मनमाने तरीके से किया जाएगा, उसकी शक्ति क्षीण होगी। यदि राजनीतिक दल अपने स्वार्थों के लिए संविधान का इस्तेमाल करेंगे तो इससे कहीं न कहीं जनता के हितों की भी अनदेखी होगी। यह किसी से छिपा नहीं कि इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए संविधान की अनदेखी कर जो आपातकाल लगाया, उसके दुष्परिणाम आम जनता को भी भोगने पड़े। संविधान की सार्थकता बढ़ाने के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी कार्य संविधानसम्मत ढंग से हों। यह भी आवश्यक है कि संविधान के प्रविधानों की मनमानी व्याख्या को रोका जाए। अपने देश में किस तरह संवैधानिक मामलों की मनचाही व्याख्या होती रहती है, इसका एक उदाहरण है आरक्षण। आरक्षण सामाजिक रूप से कमजोर-पिछड़े तबके के उत्थान के लिए संविधानप्रदत्त व्यवस्था है। इस तबके के उत्थान और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण को आगे भी जारी रखने की आवश्यकता है, लेकिन उसे वोट बैंक का हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए और न ही समाज को अगड़े-पिछड़े में बांटने वाली वैमनस्य की राजनीति की जानी चाहिए। दुर्भाग्य से आज ऐसा ही हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण को मान्यता देते हुए यह सुझाव दिया था कि सरकारों को इन वर्गों में क्रीमी लेयर की पहचान कर उन्हें आरक्षण से बाहर करने की नीति विकसित करनी चाहिए। कुछ राज्यों ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण को तो लागू किया, लेकिन कोई सरकार क्रीमी लेयर की नीति बनाने के लिए तैयार नहीं दिख रही है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कुछ दिन पहले एक बार फिर इसकी आवश्यकता जताई तो इसीलिए, क्योंकि यह ठीक नहीं कि आरक्षण का लाभ ले चुके लोग आगे भी उसका निरंतर लाभ उठाते रहें। यह सामाजिक न्याय के भी खिलाफ है और संविधान की भावना के खिलाफ भी। प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान की शक्ति रेखांकित करते हुए यह सही कहा कि उसके कारण ही उनके जैसा साधारण व्यक्ति प्रधानमंत्री पद तक पहुंचा। यह बात अन्य अनेक लोगों पर भी लागू होती है। विभिन्न क्षेत्रों में सामान्य लोग शीर्ष पद तक पहुंचते रहते हैं। ऐसा उन्हें मिले संवैधानिक अधिकारों के चलते संभव हो पाता है। देश में आज जो प्रगति दिखती है, वह भी संविधान की देन है। संविधान इसे सुनिश्चित करता है कि हर योग्य और सक्षम व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिले, वह चाहे जिस क्षेत्र में सक्रिय हो। राजनीतिक दल भी संविधान की ताकत के चलते ही सत्ता तक पहुंचते हैं। जनता संवैधानिक अधिकारों के तहत मिली वोट की अपनी ताकत से ही किसी को सत्ता में लाती है या फिर बाहर करती है। संवैधानिक प्रविधानों से कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के लोग ही नहीं बंधे हैं। आम जनता भी संवैधानिक मूल्यों से बंधी है। संविधान लोगों को अधिकार देता है तो उनके कर्तव्य भी सुनिश्चित करता है। इसीलिए अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों से भी परिचित होना आवश्यक है। केवल संविधान दिवस के अवसर पर ही नहीं, अन्य मौकों पर भी जनता को उसके संवैधानिक दायित्वों से परिचित कराना चाहिए, ताकि सभी अपने हिस्से के दायित्वों का पालन कर सकें।

सम्पादकीय

## सुप्रीम कोर्ट का आधार उम्र सत्यापन प्रस्ताव



पिछले कुछ समय से इंटरनेट की असीमित दुनिया में पसरी वैसी सामग्री को लेकर एक व्यापक चिंता पैदा हुई है, जो बच्चों और किशोरों के व्यक्तित्व पर नकारात्मक असर डालती है, उनके सोचने-समझने की दिशा को बुरी तरह प्रभावित करती है। इसके मद्देनजर दुनिया के कई देशों ने अपने स्तर पर ऐसे नियम-कायदे भी बनाए हैं, जिनके जरिए सोशल मीडिया और इस तरह के अन्य इंटरनेट मंचों तक बच्चों और किशोरों की पहुंच को सीमित किया गया। भारत में भी इस मसले पर चिंता के स्वर उभरे हैं कि व्यापक उपयोगिता के समांतर इंटरनेट की निर्बाध दुनिया में मौजूद आपत्तिजनक सामग्री को लेकर एक ठोस नियमन हो, ताकि नाबालिगों को उसके नकारात्मक असर से बचाया जा सके। इसके अलावा, अगर कोई व्यक्ति अपने सोशल मीडिया खाते या वीडियो चैनल पर किसी तरह की आपत्तिजनक सामग्री तैयार करके जारी करता है, तो उसे रोकने को लेकर नियम-कायदे की भी कमी है। यही वजह है कि किशोरों या नाबालिगों सहित इंटरनेट की सुविधा रखने वाला हर व्यक्ति अलग-अलग मंचों पर उपलब्ध अश्लील या आपत्तिजनक सामग्री तक भी आसान पहुंच रखता है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि इस संबंध में एक स्वायत्त नियामक संस्था के गठन की जरूरत है, जो इस पर लगाम लगा सके। एक मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सुझाव के तौर पर यह भी कहा कि इंटरनेट पर उपलब्ध अश्लील या वयस्क प्रकृति की सामग्री को बच्चों से दूर रखने के लिए आधार नंबर से उम्र की पुष्टि करने पर विचार किया जाना चाहिए। इसमें कोई दोराय नहीं कि नई तकनीक और प्रौद्योगिकी के तेजी से विस्तार के दौर में आसपास की दुनिया और व्यवस्थागत ढांचे में भी व्यापक बदलाव आ रहे हैं। रोजगार से लेकर पढ़ाई-लिखाई और मनोरंजन जैसी जरूरतों के लिए इंटरनेट पर निर्भरता का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ा है। मुश्किल यह है कि जिस साइबर संसार ने जीवन को आसान बनाया है और अध्ययन तथा शोध से संबंधित मामलों में अपनी उपयोगिता साबित की है, उसी में ऐसी सामग्री का असीमित भंडार भी है, जिसे समाज के लिए नुकसानदेह माना जाता है। ओटीटी मंचों, यूट्यूब या फिर सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो भरे पड़े हैं, जिन्हें आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री की श्रेणी में रखा जा सकता है और जो बच्चों के लिए नुकसानदेह हैं। आस्ट्रेलिया और डेनमार्क जैसे देशों ने सोशल मीडिया तक अपने यहां के नाबालिगों की पहुंच को सीमित करने के लिए नियम-कायदे बनाए हैं, तो इसके पीछे यही चिंता है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की यह राय गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर उम्र की जांच के लिए आधार नंबर का उपयोग किया जा सकता है। मगर एक पहलू यह भी है कि आधार नंबर की संवेदनशीलता और उसके जोखिम के मद्देनजर उसे सभी जगहों पर न देने की सलाह दी जाती है। ऐसे में अगर साइबर संसार का कोई मंच उम्र की पुष्टि के लिए किसी व्यक्ति का आधार और उससे जुड़े ब्योरे लेता है, तो यह कैसे सुनिश्चित होगा कि उसका किसी भी तरह से दुरुपयोग न हो। जाहिर है, इंटरनेट की व्यापक दुनिया के कुछ नुकसानों को देखते हुए नियमन के लिए एक ढांचा खड़ा करने पर विचार किया जा सकता है

## दिल्ली का दम



से मौके शायद ही कभी आते हैं जब किसी सरकार को देशहित में नागरिकों से अपनी कुछ सुविधाओं से समझौता करने की गुहार लगानी पड़ती है। ताजा मामला आबोहवा से जुड़ा है, जिसकी लगातार बदतर होती हालत ने संकट के पैमाने को इस हद तक पहुंचा दिया है कि बच्चों के स्कूल कुछ दिनों तक बंद कर देने की खबरें आने लगी हैं, बीमारों और बुजुर्गों को घरों की चारदिवारी में रहने की सलाह दी जा रही है। इसी के मद्देनजर सरकार जहरीले प्रदूषण घोलने वाले कारकों से आबोहवा को बचाने के लिए सड़कों पर कारों की तादाद कम करने के इंतजाम में लग गई है। दरअसल, देश के लिए आपके जज्बे को तो गाहे-बगाहे ललकारा जाता है और उसका इजहारे-खयाल भी बहुत व्यापक होता है। बचपन से राष्ट:भक्ति का पाठ पढ़ते देशवासियों का देश के प्रति जज्बा सहज और स्वाभाविक है। लेकिन लाखों लोगों की स्वप्न-नगरी और राजधानी दिल्ली में इस बार आपका अपने शहर के लिए जज्बा दांव पर है। शहर को प्रदूषण मुक्त या यों कहा जाए कि सांस लेने भर के काबिल बनाने के लिए दिल्ली सरकार के प्रस्ताव की कामयाबी का सेहरा अगर अंत में किसी के सिर पर सजेगा तो वे शहरवासी ही होंगे। दरअसल, व्यावहारिक स्तर पर सरकार के प्रस्ताव के लागू होने की दिशा में इतने अवरोध हैं कि इसकी कामयाबी पर सिर्फ शक है। ऐसे में अगर यह प्रस्ताव सार्थक है तो उसे प्रभावी तरीके से लागू करना लोगों के ही हाथ में है। यों अच्छा यह होता कि सरकार इसे स्वयंसेवी तरीके से लागू करती। समस्या जिस संदर्भ और पैमाने पर है, उसकी मार सिर्फ बड़े-बुजुर्ग और बच्चे ही नहीं झेल रहे, बल्कि एक समूची युवा पीढ़ी इसकी ओर से नजरें फेर लेने के बावजूद इसका बोझ ढोने को अभिशप्त है। फिलहाल युवा बेशक इस प्रदूषण से जूझ लें, लेकिन कभी न कभी इसका असर उन पर आयद होगा ही। फिर प्रदूषण के डर से केवल बुजुर्गों और बच्चों के लिए घर में नजरबंदी की स्थिति पैदा करना कहां तक उचित होगा! अमेरिकी दूतावास अपने स्कूलों में बाहरी स्कूली गतिविधि बंद करवा सकता है, लेकिन कब तक? जिस रफ्तार से शहर में प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे यह नहीं लगता कि किसी स्थिति में खुद घरों की दरो-दीवारें इसे दरवाजों से अंदर ले जाने में कामयाब नहीं होंगी। जो हो, इस दिशा में सरकार की पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन इसका श्रेय लेने की हड़बड़ी में इस पर आम राय बनाए बिना इसे लागू करना शायद गलत है। दूसरे, इतनी बड़ी पहल के लिए महज तीन हफ्ते का वक्त हर तरह से कम लग रहा है। इस मसले पर एकतरफा फैसला सरकार ने सहज ही कर लिया, मगर इसे लागू करने के लिए कई महकमों के साथ और समर्थन की जरूरत होगी। दिल्ली की दूषित हवा एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर राजनीतिक सहमति बनाना सरकार के लिए कोई मुश्किल काम नहीं था। लेकिन उसकी जरूरत नहीं समझी गई और सीधे प्रस्ताव को लागू करने की घोषणा कर दी गई। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दिल्ली में प्रदूषण में काफी तेजी से कई गुना इजाफे की वजह शहर में बाहर से आने वाले वाहन हैं। खासतौर से रात नौ बजे के बाद शहर की सड़कों पर कतारबद्ध होकर दाखिल होने वाली बड़ी-बड़ी गाड़ियां। इसके लिए दिल्ली सरकार अगर उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सरकारों को विश्वास और साथ में लेती तो नतीजे भिन्न हो सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दिल्ली के आसपास एक अंगूठी की तरह फैले पश्चिमी और पूर्वी कॉरिडोर का मॉडल पहले से है। पूर्वी कॉरिडोर को कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे कहा जाता है। करीब 2000 करोड़ रुपए की लागत से इस कॉरिडोर का बड़ा हिस्सा एक अर्से से तैयार है। लेकिन इसका कुछ किलोमीटर हिस्सा कानूनी दांव-पेच और सरकारी काहिली में उलझ जाने के कारण रुका पड़ा है। उस एक्सप्रेस-वे को 2009 में ही तैयार होना था, जिसमें पहले ही पांच साल की देरी हो चुकी है। अगर यह शुरू हो जाता तो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और चंडीगढ़ के जिन वाहनों को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के भी कुछ हिस्सों से गुजरना होता था, वे बिना दिल्ली शहर में दाखिल हुए ही निकल जाते। बहरहाल, पड़ोसी राज्यों से होकर दिल्ली में दाखिल होने वाले अनगिनत वाहनों को केवल सम और विषम नंबरों की पहचान कर सड़कों से दूर रखना असंभव है। लेकिन शहर के ऐसे वाहनों को भी रोकना मौजूदा पुलिसबल के सहारे आसान नहीं। कंगाली में आटा गीला होने की तरह दिल्ली पुलिस में पहले ही बहुत कुछ ठीक नहीं चल रहा। सड़क पर चलते हर वाहन को रोक कर उसके दस्तावेजों की जांच वैसे ही होगी, जैसे पहले से मची भगदड़ के बीच उतने ही आदमी और झोंक देना। लिहाजा, सरकार को उसे लागू करने के साथ-साथ इस पर जबर्दस्त जागरूकता अभियान चला कर लोगों के भीतर उनके शहर के प्रति जज्बे को जगाना होगा। जो इसे समझने की कोशिश नहीं करें, उन पर कार्रवाई ऐसी हो कि अगली बार नियम-कायदों के उल्लंघन का खयाल भी मन में नहीं आए।

## भोपाल में मौलाना महमूद मदनी का भड़काऊ भाषण

**वैसे भी किसी शब्द का अर्थ उसी रूप में समझा जाता है, जिसके लिए उसका इस्तेमाल होने लगता है। क्या मदनी यह दावा कर सकने की स्थिति में हैं कि आज बुराइयों से लड़ने की कोशिश ही जिहाद है? मौलाना मदनी जिस तरह इस नतीजे पर भी पहुंच गए कि सुप्रीम कोर्ट समेत सभी अदालतें दबाव में काम कर रही हैं, उससे उन्होंने न केवल न्यायपालिका को नीचा दिखाने का काम किया, बल्कि उसके प्रति अविश्वास पैदा करने की भी कोशिश की। यह एक खतरनाक कोशिश है।**



भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना महमूद मदनी ने जो कुछ कहा, उसे भड़काऊ भाषण के अतिरिक्त और कुछ नहीं कहा जा सकता। उनकी बातें कट्टरपंथी तत्वों के दुस्साहस को बल प्रदान करने का ही काम करेंगी, क्योंकि एक तो उन्होंने जिहाद को पवित्र शब्द करार दिया और दूसरे एक तरह से यह धमकी भी दी कि जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा। अच्छा होता कि वे यह भी बता देते कि इस जिहाद के नाम पर क्या होगा? पता नहीं वे जिहाद को किस रूप में देखते और समझते हैं, लेकिन उन्हें इससे परिचित होना चाहिए कि न जाने कितने आतंकी संगठन ऐसे हैं, जो अपने नाम में जिहाद शब्द का इस्तेमाल करते हैं। वे अपनी आतंकी गतिविधियों को बिना किसी शर्म-संकोच जिहाद का नाम देते हैं। साफ है कि उनके कहने भर से जिहाद को आंतरिक संघर्ष की संज्ञा नहीं दी जा सकती। वैसे भी किसी शब्द का अर्थ उसी रूप में समझा जाता है, जिसके लिए उसका इस्तेमाल होने लगता है। क्या मदनी यह दावा कर सकने की स्थिति में हैं कि आज बुराइयों से लड़ने की कोशिश ही जिहाद है? मौलाना मदनी जिस तरह इस नतीजे पर भी पहुंच गए कि सुप्रीम कोर्ट समेत सभी अदालतें दबाव में काम कर रही हैं, उससे उन्होंने न केवल न्यायपालिका को नीचा दिखाने का काम किया, बल्कि उसके प्रति अविश्वास पैदा करने की भी कोशिश की। यह एक खतरनाक कोशिश है। शायद उनकी नजर में अदालतें तभी तक स्वतंत्र हैं, जब तक वे उनके मनमाफिक फैसला दें। यह न तो संभव है और न ही किसी को इसकी अपेक्षा करनी चाहिए। मदनी ने न्यायपालिका को दबाव में लेने की जो कोशिश की, उसका प्रतिकार किया जाना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने अपने संबोधन में तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी उल्लेख किया। क्या वे यह चाह रहे थे कि सुप्रीम कोर्ट मुस्लिम महिलाओं को दोयम दर्जे का साबित करने और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित करने वाली तीन तलाक की कुप्रथा को विधिसम्मत ठहरा देता? आखिर वे यह कैसे भूल गए कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष तीन तलाक का उल्लेख एक कुप्रथा के रूप में ही किया गया था? प्रश्न यह भी है कि क्या वे तीन तलाक के समर्थक हैं? जो भी हो, उन्होंने अपने बिगड़े बोल से खुद को उन लोगों में शामिल करने का काम किया है, जो भड़काऊ बयान देकर चर्चा में आना पसंद करते हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने तय कर लिया था कि वे किसी भी विषय पर कुछ भी संयमित तरीके से नहीं कहेंगे। इसका उदाहरण यह है कि उन्होंने वंदे मातरम् पर भी आपत्ति जता दी।

## सी डी ई ओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण दिए निर्देश





जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने मंडी कमेटी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुकुंदगढ़ मंडी का अवलोकन किया, परीक्षा व्यवस्था देखी, भौतिक विकास, रंग रोगन, भंडार, सुविधा, मरम्मत योग्य कक्ष इत्यादि का अवलोकन किया। इस अवसर पर लादू राम रामदेव अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्रधान सरोज शर्मा एवं रमा देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मुकुंदगढ़ के संस्था प्रधान कविता एवं मंडी कमेटी स्कूल के प्रधान ओम प्रकाश गुप्ता से फीड बैंक लिया। भावी योजना जानी एवं आवश्यक निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि समस्त प्रधान सकारात्मक विजन के साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वोत्तम प्रयास करें।छात्र, अभिभावक ,विभाग एवं जन समुदाय की अपेक्षाओं अनुसार पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करें। इस अवसर पर मनीषा शर्मा, प्रमिला, निधि ,सरोज ,तारा मणि, बबीता ,रोशन लाल, सुशीला ,गीता एवं राधेश्याम शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने श्री शर्मा का स्वागत किया।

## बुहाना वृताधिकारी की गाड़ी नवलगढ़ में हादसे का शिकार

### ट्रेक्टर चालक मौके से हुआ फरार



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के ज्योति होटल के पास झुंझुनूं सीकर हाइवे पर कार और ट्रेक्टर की भिड़ंत हुई। मामले को संज्ञान में लेकर थानाधिकारी अजय सिंह ने पुलिस टीम भेजी और पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की पहचान की तों पता चला बुहाना वृताधिकारी ही गाड़ी में सवार थे भिड़ंत के दौरान कार के एयर बेग खुलने के कारण जन हानि नहीं हुई। गाड़ी के एयरबैग खुलने से बाल बाल बचे सीओ नोपाराम, नवलगढ़ क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉली से हुई गाड़ी की ट्रेक्टर, एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, एडिशनल एसपी देवेंद्र राजावत ने कहा, 'ईश्वर का शुक्रिया, पुलिस अधिकारी हादसे में बचे सकुशल है। नवलगढ़ हरि अस्पताल में सीओ सर्किल महावीर सिंह, ग्रामीण झुंझुनू सीओ हरि सिंह धायल,नवलगढ़ सीआई अजय सिंह मौजूद हैं हादसा में एयर बैग खुलने से गाड़ी सवार सकुशल, ट्रेक्टर चालक भी सकुशल। जिला अस्पताल से निजी अस्पताल रेफर घायल । मौक़े से ट्रेक्टर चालक फरार

## शतरंज प्रतियोगिता का आज से शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** स्व. सेठ चिरंजीलाल तोलासरिया की 8वीं पुण्यतिथि पर चार दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ आगामी एक दिसम्बर को तोलासरिया - हवेली होगी तथा आगामी चार दिसम्बर को प्रतियोगिता का समापन होगा । प्रायोजको की ओर से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः 5100,3100 तथा 2100 रूपए नगद तथा ट्रॉफी प्रदान कर पुरूस्कृत किया जाएगा । यह जानकारी आदित्य तोलासरिया ने दी ।

## शिक्षा (विद्यालयी/ संस्कृत) एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर रतनगढ़ आए, स्थानीय कार्यक्रम में की शिरकत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** शिक्षा (विद्यालयी/ संस्कृत) एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर रविवार को जिले के रतनगढ़ आए तथा स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत की। रतनगढ़ पहुंचने पर पैरालिंपक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेन्द्र झाझड़िया व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मंत्री दिलावर का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेस से रूबरू होते हुए उन्होंने प्रदेश की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया है तथा विद्यालयों में आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालयों में परीक्षाओं के समयबद्ध ढंग से आयोजित की जा रही है। पंचायतीराज से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं की समयबद्ध मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है ताकि आमजन तक समुचित लाभ समयबद्ध ढंग से पहुँच सके।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को उमड़ा सैलानियों का सैलाब

## 2 हजार 316 सैलानियों ने किया शेर-बाघ के दीदार का दीदार

## 460 पर्यटकों ने लायन और टाइगर सफारी का लिया रोमांचक अनुभव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजधानी जयपुर का नाहरगढ़ जैविक उद्यान रविवार को पर्यटकों की भारी भीड़ से गुलजार रहा। सुहावने मौसम, अवकाश के उत्साह और प्राकृतिक सुंदरता के आकर्षण ने बड़ी संख्या में लोगों को उद्यान की ओर खींचा। एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि रविवार को कुल 2 हजार 316 पर्यटकों ने उद्यान पहुंचकर यहां के समृद्ध वन्यजीव संसार और प्राकृतिक जैव विविधता का नजदीकी अवलोकन किया। इनमें से लायन सफारी और टाइगर सफारी दिनभर भीड़ का मुख्य केंद्र बनी रहीं। वहीं, कुल 460 सैलानियों ने इन दोनों सफारियों



का प्रत्यक्ष अनुभव लेते हुए शेर और बाघ के शक्तिशाली, चंचल और रोमांचकारी व्यवहार को करीब से देखा। बाघों की गगनभेदी गर्जना, शेरों के शाही तेवर और उनकी विशिष्ट चाल-ढाल ने पर्यटकों को रोमांच से भर दिया, जिसमें कई आगंतुकों ने इस अनुभव को 'जीवन का यादगार पल' बताया। नाहरगढ़ जैविक उद्यान इन दिनों न केवल जयपुरवासियों बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है। इसका मुख्य कारण है वन विभाग द्वारा किया जा रहा सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पर्यटक-हितैषी प्रबंधन। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सफाई, टिकटिंग, मार्गदर्शन, भीड़ नियंत्रण और सफारी संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। रविवार को एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ और रेन्जर शुभम शर्मा ने दोनों सफारियों की सघन मॉनिटरिंग करते हुए संपूर्ण व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। रेन्ज अधिकारी शुभम शर्मा की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम द्वारा सफारी रूटों की नियमित निगरानी, वाहनों की समयबद्ध उपलब्धता, टिकटिंग काउंटरों पर पारदर्शी व तेज सेवा, पर्यटकों को दिशा-निर्देश, पगडंडियों व पाथवे की स्वच्छता तथा भीड़ प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया, जिससे पर्यटकों का अनुभव और अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और आनंददायक रहा। वन विभाग की सतत निगरानी और उत्कृष्ट प्रबंधन के चलते नाहरगढ़ जैविक उद्यान आज राजस्थान के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों में अग्रणी स्थान रखता है। यह स्थल न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा, पर्यावरण शिक्षा और जैव विविधता संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का एक जीवंत केंद्र भी बन चुका है। उद्यान का प्राकृतिक वातावरण, हरियाली और वन्यजीवों का सहज व्यवहार पर्यटकों को प्रकृति से जोड़ने का अनूठा अवसर प्रदान करता है, जो उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव बनकर उभरता है।

## साइबर अटैक अलर्ट- फर्जी वेबसाइट और फिशिंग लिंक से बचें, ऐसे करें सुरक्षा जाँच

### राजस्थान पुलिस ने जनता को किया सचेत; बैंक खाते खाली होने से रोकने के लिए जारी की एडवाइजरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों द्वारा आमजन के साथ हो रही धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए राजस्थान पुलिस ने एक चेतावनी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह ने बताया कि ठग अब हूबहू असली जैसी दिखने वाली नकली (क्लोन) वेबसाइटों का उपयोग कर रहे हैं। इन नकली लिंक्स को सोशल मीडिया, एसएमएस या ईमेल के माध्यम से भेजकर लोगों को असुरक्षित वेबपेज पर ले जाया जाता है, जहाँ उनकी निजी जानकारी और बैंक विवरण चोरी कर लिए जाते हैं, जिससे बैंक खातों या यूपीआई लिंक से धनराशि निकाल ली जाती है। एडीजी सिंह ने आमजन को संभावित साइबर अपराध से सचेत रहने के लिए निम्नलिखित चार प्रमुख सुरक्षा सुझाव दिए हैं:

1. स्पेलिंग की बारीकी से जाँच अनिवार्य: किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले डोमेन नेम की स्पेलिंग को बहुत ध्यान से देखें। साइबर अपराधी अक्सर एक या दो अक्षरों का हेरफेर कर असली जैसी दिखने वाली नकली वेबसाइट बनाते हैं ।
2. HTTPS और लॉक आइकन अवश्य देखें: सुरक्षित वेबसाइटों की पहचान उनके ₹रुकी शुरुआत में दिखने वाले HTTPS और एड्रेस बार में मौजूद ताले (लॉक) के आइकन से होती है। यदि ये सुरक्षा संकेत मौजूद नहीं हैं, तो उस पर अपना कोई भी वित्तीय या निजी विवरण दर्ज न करें।
3. गूगल सेफ ब्राउज़िंग का करें उपयोग: किसी भी संदिग्ध लिंक की सुरक्षा जांचने के लिए https//transparencyreport.google.com/safe-browsing/search पर जा सकते हैं। इस पोर्टल पर लिंक पेस्ट करें और सुनिश्चित करें कि यह 'असुरक्षित', 'मालवेयर' या 'फिशिंग' तो नहीं दिखा रहा है।
4. गोपनीय जानकारी साझा करने से बचें: अपनी निजी जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण किसी भी व्यक्ति या अज्ञात वेबसाइट से साझा न करें। एडीजी सिंह ने बताया कि यदि फिर भी कोई घटना होती है तो संचार साथी के चक्षु पोर्टल https//sancharsaathi.gov.in/sfc/ पर तुरंत रिपोर्ट करें। यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो इसकी सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन/साइबर पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https//cybercrime.gov.in पर दे। इसके अतिरिक्त सहायता के लिए साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 या साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930/9257510100 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्षों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर धन्यवाद एवं आभार किया व्यक्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** अलवर एवं खैरथल-तिजारा सहित अन्य कई जिलों के नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्षों ने दायित्व ग्रहण करने के उपरांत पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह से शिष्टाचार मुलाक़ात की। जिलाध्यक्षों ने अलवर स्थित फूलबाग पहुंचकर भंवर जितेंद्र सिंह के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।
अलवर जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत तथा खैरथल-तिजारा जिलाध्यक्ष बलराम यादव ने भंवर जितेंद्र सिंह को साफ़ा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान प्रकट किया और संगठन को मजबूत बनाने हेतु अपने पूर्ण समर्पण का भरोसा दिलाया। भंवर जितेंद्र सिंह ने सभी जिलाध्यक्षों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों युवा जिलाध्यक्ष सक्रियता, ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कांग्रेस संगठन को नई दिशा तथा गति प्रदान करेंगे। उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा से कहा कि वे अपने दीर्घ संगठनात्मक अनुभव का लाभ अलवर एवं खैरथल-तिजारा दोनों नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को दें। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अलवर प्रकाश गंगावत, खैरथल-तिजारा बलराम यादव, अजमेर ग्रामीण के विकास चौधरी, बूंदी के महावीर मीणा, भरतपुर के दिनेश सूपा, नीमकाथाना के गोविंद नारायण घासिया, धर्मेंद्र राठौड़, आर्यन जुबेर, जितेन्द्र कुमार बसेठ, अशोक सैनी, गोपाल खटीक, गफूर खान, अनिल जैन, रिपु दमन गुप्ता, पुष्पेंद्र धाबाई, श्वेता सैनी, जमशेद खान, राकेश बैरवा, प्रधान नसरु खान, हुकमाराम सैनी, हरिशंकर रावत, अंकित गोयल, रमन सैनी, पवन खटाना, पप्पू प्रधान, जगदीश सिंघल, दीपेन्द्र सैनी, विक्रम यादव, दीनबन्धु, के.के. खंडेलवाल, रामप्रकाश शर्मा, जयसिंह जाटव, विशाल बौद्ध, सोनू गोपालिया, अशोक धानका, रिंकू वर्मा, धर्मराज मीणा, ओमप्रकाश सैन, प्रमेन्द्र शर्मा, कमल सैन, सुरेंद्र बागड़ी, महेन्द्र राठी, रामनिवास सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंगलवार को जिला परिषद सभागार में होगा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

### राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग की पहल

### पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व पर होगी चर्चा

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग द्वारा राज्य के ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति, उसके निहितार्थों एवं अनुभवजन्य स्थिति का समसामयिक एवं प्रमाण आधारित अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन के आधार पर आयोग द्वारा स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण संबंधी अनुशंसाएं निर्धारित समय में राज्य सरकार को प्रस्तुत की जानी है। आयोग द्वारा जयपुर जिला हेतु एक विचार एवं चर्चा कार्यक्रम (जन संवाद कार्यक्रम) का आयोजन जयपुर जिला परिषद सभागार में मंगलवार, दिनांक 02 दिसंबर 2025 मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया को नोडल अधिकारी एवं नगर निगम उपायुक्त कविता चौधरी को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश (सेनि.) मदनलाल भाटी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जयपुर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पहलुओं पर स्थानीय प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों, समाज के प्रबुद्धजनों एवं संबंधित हितधारकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है, ताकि आयोग को अनुभवजन्य तथ्य एवं व्यावहारिक सुझाव प्राप्त हो सकें। उन्होने बताया कि इस अध्ययन और संवाद प्रक्रिया के माध्यम से ओबीसी समुदाय की वास्तविक स्थितियों, चुनौतियों एवं प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों को वैज्ञानिक तरीके से समझने में सहायता मिलेगी, जिससे आयोग अपनी अनुशंसाएँ और अधिक सटीक एवं प्रभावी रूप में राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक प्रतिनिधियों और संबंधित नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है।

### मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम – 2026

## एसआईआर–2026 के तहत जिले में हुए 92.01 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजीटाइज

### जिले में अब तक 1555625 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज, जिले में 02 एईआरओ, 34 सुपरवाइजरों और 879 बीएलओ ने किया शत प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजीटाइजेशन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। रविवार सांय 04 बजे तक जिले में कुल 92.01 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजीटाइज किए गए हैं और कुल 1555625 गणना प्रपत्र डिजीटाइज किए गए। रविवार सांय 04 बजे तक जिले में कुल 17506 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में 3380, तारानगर में 1338, सरदारशहर में 3178, चूरू में 1032, रतनगढ़ में 3967, सुजानगढ़ में 4611 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। रविवार सांय 04 बजे तक जिले में कुल 1555625 गणना प्रपत्रों डिजीटाइज जा चुके हैं। जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में 233834, तारानगर में 254855, सरदारशहर में 290522, चूरू में 246737, रतनगढ़ में 258402, सुजानगढ़ में 271286 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है। इसी के साथ जिले में कुल 92.01 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया है। जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में 91.99, तारानगर में 94.25, सरदारशहर में 92.23, चूरू में 93.41, रतनगढ़ में 90.47, सुजानगढ़ में 90 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है। जिले में रविवार सांय 04 बजे तक कुल 02 एईआरओ, 34 सुपरवाइजरों और 879 बीएलओ ने शत –प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजीटाइज किए। जिले के चूरू विधानसभा क्षेत्र के एईआरओ तहसीलदार अशोक गोरा व तारानगर विधानसभा क्षेत्र के एईआरओ साहवा नायब तहसीलदार चंद्रशेखर ने शत प्रतिशत डिजीटाइजेशन कार्य किया है। इसी क्रम में तारानगर के 17, सरदारशहर के 06, सुजानगढ़ के 01 व चूरू के 10 सुपराइजरों ने शत – प्रतिशत डिजीटाइजेशन कार्य किया है। इसी क्रम में जिले के सादुलपुर के 92, तारानगर के 225, सरदारशहर के 194, चूरू के 169, रतनगढ़ के 84, सुजानगढ़ के 115 बीएलओ ने शत – प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य किया है।

## उदयपुर पुलिस का संगठित अपराध पर प्रहारः नरेश हरिजन गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार, 3 अवैध पिस्टल बरामद

### संयुक्त टीम ने सबसिटी सेंटर में अवैध हथियार बेचते अपराधियों को रंगे हाथ पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार उदयपुर पुलिस ने संगठित अपराधों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार चलाए गए विशेष अभियान के तहत हार्डकोर अपराधी नरेश हरिजन गैंग के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन अवैध देशी पिस्टल, एक मैग्जीन और दो जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। एसपी गोयल ने बताया कि यह बड़ी कार्रवाई जिला स्पेशल टीम और थाना हिरणमगरी की संयुक्त टीम ने की। डीएसटी प्रभारी एएसआई विक्रम सिंह को रविवार को सबसिटी सेंटर हिरणमगरी इलाके में कुछ अपराधियों के अवैध हथियार बेचने की फिराक में घूमने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में तत्काल टीमें गठित की गईं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों अभियुक्तों पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ उर्फ लल्ला निवासी सूरजपोल, कमलेन्द्र सिंह गहलोत उर्फ राहुल निवासी सूरजपोल, आदित्य पुरी गोस्वामी उर्फ अंशु निवासी गोवर्धन विलास और गौतम हंडेरिया हिरण मगरी को धर दबोचा।

### हार्डकोर अपराधी नरेश हरिजन से था सीधा कनेक्शन

प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तों को ये हथियार करीब छह माह पहले हार्डकोर अपराधी नरेश हरिजन ने दिए थे। नरेश हरिजन स्वयं पुलिस के कई मामलों में वांछित चल रहा है। गिरफ्तार चारों अभियुक्तों का शहर के विभिन्न थानों में गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड है, जिनमें मारपीट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। पुलिस ने इन अपराधियों के विरुद्ध न केवल आर्म्स एक्ट बल्कि भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत संगठित अपराध की गंभीर धाराओं में भी प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का मानना है कि संगठित अपराध की धाराओं में मुकदमा दर्ज होने से इन अपराधियों को जमानत मिलना और सजा से बचना बेहद मुश्किल होगा।

## उदयपुरः लिव-इन पार्टनर की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर(कासं.)** उदयपुर के सविना थाना क्षेत्र में एक अत्यंत घिनौने अपराध के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर अपनी लिव-इन पार्टनर की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म और अप्राकृतिक शारीरिक संभोग का जघन्य कृत्य करने का आरोप है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि थाना सविना में 27 नवम्बर को महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि पति से विवाद के बाद वह चंद्र शेखर पारिख निवासी खारिया मीठापुरा बिलाड़ा जोधपुर के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। वह अपने पुत्र-पुत्री और अभियुक्त की माता के साथ संयुक्त परिवार के रूप में निवास कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार अभियुक्त चंद्र शेखर पारिख पिछले एक माह से महिला की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म व डरा-धमका कर उसके साथ अप्राकृतिक शारीरिक संभोग जैसा घिनौना कृत्य कर रहा था। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता 2023 और पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुसंधान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ माधुरी वर्मा द्वारा शुरू किया गया। एसपी गोयल ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश जारी किए थे। जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और माधुरी वर्मा के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजय सिंह राव के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई शुरू की।



# इस डर से बिग बॉस 9 में एंट्री नहीं ले पाई थीं नोरा फतेही

**एक्ट्रेस-डांसर नोरा फतेही ने रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 9 में एक कंटेस्टेंट के तौर पर हिस्सा लिया था। यह शो अक्तूबर 2015 से जनवरी 2016 तक एयर हुआ था। उन्होंने शो के 58वें दिन वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री की थी। क्या आप जानते हैं कि उस समय उन्हें शुरू में मेन कंटेस्टेंट में से एक के तौर पर शामिल होने के लिए अप्रोच किया गया था? इस बारे में नोरा फतेही ने अपनी बात रखी है।**

गलतफहमी की वजह से हुआ बातचीत में नोरा फतेही ने बताया बिग बॉस ने शुरू में मुझे मेन कंटेस्टेंट में से एक बनने के लिए अप्रोच किया था। इस पर मैंने उन्हें मना कर दिया था। मुझे लग रहा था कि मैं इस तरह की चीजों के लिए तैयार नहीं हूं। यह गलतफहमी की वजह से हुआ। मुझे लगा कि लोग मुझे नहीं समझ पाएंगे। तब मैं छोटी थी और अपने आपको को समझने की कोशिश कर रही थी। मुझे लगा कि लोग अलग तरह से बर्ताव करेंगे इसलिए मैं मुसीबत में पड़ने के लिए तैयार नहीं थी।

## वाइल्ड कार्ड के जरिए हुई एंट्री

नोरा ने आगे बताया कि जब मेकर्स ने वाइल्ड कार्ड एंट्री के जरिए उन्हें अप्रोच करने की कोशिश की तो उन्होंने हां कह दी। उन्होंने कहा तो जब वे वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए वापस आए, तो मुझे लगा कि ठीक है, शायद कुछ हफ्ते लगेंगे। मैं ऐसा कर सकती थी। मैं चाहती थी कि मैं दुनिया को बता दूं कि मैं यहां हूं।

## झलक दिखला जा में जाना चाहती थीं नोरा

नोरा ने कहा बताया कि वह शो झलक दिखला जा में जाना चाहती थीं। उन्होंने सोचा कि वह अगर बिग बॉस में जाएंगी तो उन्हें झलक दिखला जा में जाने में मदद मिलेगी इसलिए वह बिग बॉस में गईं। बिग बॉस से बाहर आने के तुरंत बाद उन्हें झलक दिखला जा का कॉन्ट्रैक्ट मिल गया।



# शुभांगी अत्रे ने रिप्लेसमेंट पर तोड़ी चुप्पी

## शिल्पा शिंदे फिर बनेंगी अंगूरी भाभी

टीवी के पॉपुलर शो भाबी जी घर पर हैं में 10 साल बाद बड़ा बदलाव होने जा रहा है। शो में 10 साल से अंगूरी भाभी का रोल निभाने वाली शुभांगी अत्रे ने शो को अलविदा कह दिया है। इससे पहले एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अंगूरी भाभी का किरदार निभाती थीं लेकिन 10 साल पहले शुभांगी ने उन्हें रिप्लेस किया था। अब खबरों की माने तो फिर से इस रोल में शिल्पा शिंदे की वापसी हो रही है। इंटरव्यू में शुभांगी ने अपनी जर्नी पर बात करते हुए कहा- मैंने हमेशा मिसेज कोहली से कहा था कि शो में मेरा सफर आन, बान और शान से शुरू होगा और वैसे ही खत्म होगा।

मैं इससे अच्छे फेयरवेल की उम्मीद नहीं कर सकती थी। मुझे क्यों रिप्लेस किया जा रहा है, उसमें उलझने का कोई मतलब नहीं है। मैं इसे एक आशीर्वाद के रूप में देखती हूं। क्योंकि एक आर्टिस्ट के रूप में, मैं नए किरदारों को तलाशना चाहती हूं। यहां से निकलने के बाद फिर से काम की तलाश करूंगी। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद, अब मैं पूरी तरह से तैयार हूं और सिर्फ अपनी बेटी और काम पर फोकस कर रही हूं। शुभांगी ने आगे कहा- '10 साल जिस शो का हिस्सा रही हूं, उसे छोड़ना इमोशनल कर रहा है। शो छोड़ना घर छोड़ने जैसा है। शूट के आखिरी दिनों में काफी इमोशनल हो गई थी। अंगूरी का किरदार मेरे लाइफ का हिस्सा बन गया था। मैं इस शो की शुक्रगुजार हूं क्योंकि इसने मुझे बहुत कुछ दिया है।' शुभांगी ने शो में शिल्पा शिंदे की वापसी पर भी बात की। उन्होंने कहा- 'मैं अब इस



रिप्लेसमेंट गेम को खत्म कर रही हूं। मैंने अपनी मां से कहा कि शिल्पा ने इस शो को 9-10 महीने में छोड़ दिया था। उस वक्त मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसे वो न्यूबॉर्न बेबी सौंपकर गई हैं। आज वो बच्चा 10 साल का हो गया है। अब मैं इसे वापस कर रही हूं। मैंने 10 साल तक उसे वैल्यू और संस्कार दिए। मैं शिल्पा शिंदे और पूरी टीम को इस शो के 2.0 वर्जन के लिए ऑल द बेस्ट कहूंगी।' शुभांगी ने छोटे पर्दे पर एकता कपूर के शो कसौटी जिंदगी की से करियर की शुरुआत की थी। उसके बाद कस्तूरी में मेन लीड में नजर आईं। इस शो से शुभांगी को काफी पॉपुलैरिटी मिली। भाबी जी घर पर हैं शो से जुड़ने से पहले शुभांगी दो हंसों का जोड़ा शो में भी नजर आई थीं।

किस किसको प्यार करूं 2

# चार पत्नियों के चक्कर में उलझे कपिल शर्मा

कॉमेडियन कपिल शर्मा की अपकमिंग फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 की रिलीज का दर्शकों को काफी इंतजार है। इससे पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म किस किसको प्यार करूं का सीक्वल है। किस किसको प्यार करूं 2 के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा गलतफहमी के चलते तीन शादियां कर लेते हैं। इसके बाद वह तीनों पत्नियों की डिमांड पूरी करते-करते परेशान हो जाते हैं। तीनों पत्नियों के घर वाले कपिल शर्मा को अपना दामाद समझते हैं और उन पर अपना हक जमाते हैं। इसके बाद एक पुलिस वाला कपिल शर्मा से मिलता है। पुलिस वाला कपिल से कहता है कि वह उस इंसान की तलाश में हैं, जिसने तीन शादियां की हैं और अब चौथी करना चाहता है।

## रिवील हुई फिल्म की रिलीज की तारीख

कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 का ट्रेलर शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है चार पत्नियां। इसे घर पर करने की कोशिश न करें। यह स्टंट हमारे एक्सपर्ट




ने किया है। किस किसको प्यार करूं 2 सिनेमाघरों में 12 दिसंबर 2025 को रिलीज हो रही है।

## यूजर्स ने किए कमेंट

किस किसको प्यार करूं 2 का ट्रेलर दर्शकों को अच्छा लगा है। ट्रेलर में असरानी की झलक दिखी है। उन्होंने इस पर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है असरानी सर। एक और यूजर ने लिखा है असरानी को देखकर अच्छा लगा। एक और यूजर ने लिखा है ट्रेलर बहुत अच्छा है। फिल्म का इंतजार है।

# फैंस की वजह से हफ्ते में एक बार रो पड़ती हैं अनीत पड्डा

अनीत पड्डा ने हाल ही में बताया कि वह बहुत जल्दी इमोशनल हो जाती हैं। वह हफ्ते में एक बार कुछ ऐसा देख लेती हैं कि खुद को रोने से रोक नहीं पाती हैं। उनका कहना है कि इन खास चीजों में उनको प्यार महसूस होता है। जिससे उन्हें अपने काम को और बेहतर करने का दबाव भी महसूस होता है। 23 साल की अनीत ने ग्राजिया इंडिया से बातचीत में कहा, मैं बहुत संवेदनशील हूं। जो प्यार मुझे फैंस से मिल रहा है, उसके साथ न्याय करने की जिम्मेदारी कभी-कभी भारी लगती है। ये बहुत खूबसूरत है, लेकिन कई बार बहुत ज्यादा भी हो जाता है। अनीत कहती हैं कि फैंस का इतना प्यार देखकर अच्छा लगता है, लेकिन उम्मीद भी बढ़ जाती है कि वह उस प्यार के लायक बनें। यही वजह है कि फैन एडिट्स देखकर उनकी आंखें भर आती हैं।


## अनीत का करियर

अनीत ने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया। 2022 में उन्होंने काजोल के साथ फिल्म सलाम वेंकी से छोटी भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें असली पहचान नहीं मिली। इसके बाद 2024 में अनीत ने वेब सीरीज बिग गर्ल्स डोंट क्राई में अभिनय किया, लेकिन फिर भी लोगों ने उन्हें नोटिस नहीं किया। साल 2025 में फिल्म 'सैयारा' ने उन्हें रातोंरात सुपरस्टार बना दिया। अहान पांडे के साथ फिल्म सैयारा अनीत के करियर की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई।



## अनीत का वर्कफ्रंट

अनीत पड्डा जल्द ही हॉरर-कॉमेडी फिल्म शक्ति शालिनी में नजर आएंगी। शक्ति शालिनी मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।




# रणवीर सिंह की 'धुरंधर' तोड़ेगी 17 वर्षों का रिकॉर्ड!

**आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' के रिलीज का इंतजार दर्शकों को बड़ी बेसब्री से है। इस फिल्म के रन टाइम को लेकर बड़ी जानकारी आई है कि अब 17 वर्षों का रिकॉर्ड टूटने वाला है। यह फिल्म दो और तीन घंटे से भी अधिक अवधि की होने वाली है।**

## इतने घंटे की होगी फिल्म

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' की लंबाई लगभग 3 घंटे 32 मिनट बताई जा रही है। रिपोर्ट्स में कहा गया, 'अभी अंतिम रनटाइम को सीक्रेट रखा गया है। लेकिन उम्मीद है कि यह लगभग 3.5 घंटे लंबा होगा। सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट हासिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुछ दिनों में जब सीबीएफसी फिल्म को पास कर देगा, तब इसकी सही रनटाइम पता चल पाएगी।'

## अवधि लंबे होने की क्या है वजह?

आगे बताया गया कि 'फिल्म 'धुरंधर' एक लॉन्ग स्टोरी पर आधारित है। इसी वजह से इसकी अवधि लंबी है। आपको बताते चलें कि रिपोर्ट्स में उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, आर्टिकल 370 जैसी फिल्मों का तर्क देते हुए कहा गया कि इन फिल्मों की तरह ही धुरंधर की कहानी भी दर्शकों को अंत तक बांधने वाली होगी। इसके साथ ही बता दें कि फिल्म धुरंधर को दो भागों में रिलीज किया जाएगा। ऐसी भी जानकारी है।

## 17 वर्षों का टूटेगा रिकॉर्ड

अगर यह जानकारी सच साबित होती है, तो फिल्म 'धुरंधर' लगभग 17 वर्षों में रिलीज हुई सबसे लंबी बॉलीवुड फिल्मों में से एक बनने वाली है। आखिरी फिल्म, जो लिस्ट में है। वह फिल्म जोधा अकबर है, जो साल 2008 में रिलीज हुई थी। इसका रनटाइम 3 घंटे 34 मिनट था।

## 5 दिसंबर को रिलीज होगी 'धुरंधर'

आदित्य धर द्वारा लिखित और निर्देशित 'धुरंधर' में एक भारी भरकम स्टारकास्ट नजर आने वाली है। इसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, आर माधवन और सारा अर्जुन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'धुरंधर' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी।



# मुंबई में समझी सेफ होना कैसा महसूस होता है

**नाटक हों या विज्ञापन की दुनिया या हो फिल्में या फिर ओटीटी, निमरत कौर ने खुद को हर जगह साबित किया। द लंचबॉक्स जैसी फिल्म से सभी का दिल जीतने वाली ये एक्ट्रेस एयरलिफ्ट और दसवी जैसी फिल्मों में नजर आईं। पिछले दिनों वेब सीरीज कुल में सराही गई निमरत इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई वेब सीरीज द फैमिली मैन के सीजन 3 के नेगेटिव रोल से।**

**अब तक आप परदे पर काफी मजबूत महिला किरदारों में नजर आई हैं, मगर आम जिंदगी में आपको लड़कियों से जुड़ी कौन-सी बात सबसे ज्यादा परेशान करती है?**

लड़की होने के साथ जो असुरक्षा की भावना जुड़ी है, वो दुनिया के किसी भी प्रोफेशन या जगह से बड़ी है। मैं दिल्ली में पली-बढ़ी हूं, और जब मुंबई आई, तो पहली बार समझ में आया कि 'सेफ होना कैसा महसूस होता है'। और उसी समय यह सवाल और गहरा हुआ कि मुझे पहले कभी ऐसा क्यों नहीं लगा? यह मुद्दा सिर्फ दिल्ली या किसी एक शहर का नहीं। काम, समर्पण, मेहनत, ये सब हम भी उतनी ही करती हैं, जितना कोई भी इंसान करता है, फिर हम क्यों सबसे पहले खुद को सुरक्षित रखने की जद्दोजहद में लगे रहें? क्यों किसी लड़की को यह 'फायदा' लगे कि 'अच्छा है, यहां सेफ्टी ज्यादा है'? सेफ्टी कोई सुविधा नहीं, हमारा हक है। सुरक्षित रहना मेरा और हर लड़की का, जन्मसिद्ध और मौलिक अधिकार है। इस पर सवाल ही नहीं उठना चाहिए।

**एक एक्ट्रेस के रूप में आज आपके लिए रोल लिखे जाते हैं, शहर की होर्डिंग्स में आपके शोज या फिल्मों के बड़े-बड़े पोस्टर लगते हैं, मगर आपको अपने करियर का होर्डिंग पर लगा पहला पोस्टर याद है?**

बिलकुल याद है। वो पोस्टर था द लंचबॉक्स का। मुंबई के जुहू सर्कल पर हमेशा विशाल होर्डिंग्स लगते थे और किसी ने बताया कि वहां हमारी फिल्म का भी एक बड़ा सा पोस्टर लगा है। उस समय सोशल मीडिया का शोर इतना नहीं था, तो मेरे उत्साह का अंदाजा आप लगा सकते हैं। मैं बार-बार सोच रही थी, अरे, मेरा इतना बड़ा पोस्टर!' और उसे देखने खुद पहुंच गई। लेकिन जब मैंने वो होर्डिंग देखा मैं उसमें उल्टी थी! इरफान चिट्ठी पढ़ते और खाना खाते दिख रहे थे, और मेरी तस्वीर उल्टी लटक रही थी।


**आज एक तरफ आपके द्वारा किए जाने वाले शो जैसे लॉन्ग फॉरमेट कॉन्टेंट हैं और दूसरी तरफ आज 2-3 मिनट के माइक्रो ड्रामा के रूप में वर्टिकल शोज का चलन देखने को मिल रहा है, क्या कहना चाहेंगी?**

मैं आपको बताऊं, मैंने कई सालों तक विज्ञापन फिल्मों में काम किया है और उसमें तो आप 20-30 सेकेंड्स में प्रोडक्ट को बेच कर निकल जाते हैं, तो मुझे एड्स में अनुभव है, इस तरह के काम करने का। मेरा मानना है कि लॉन्ग फॉर्मेट हो या माइक्रो ड्रामा, एंगेजिंग होना चाहिए।

## खुशकिस्मत हूं कि मुझे सीरीज में नकारात्मक किरदार मिला

अदाकार के जीवन जरूर ऐसा आता है, जब वो कुछ अलग तरह की भूमिकाएं करने का इच्छुक होता है। बहुत बार ऐसा होता है कि किरदार आपको चुन रहे होते हैं न कि आप चरित्र को। मैं बहुत खुशकिस्मत मानती हूं खुद को कि मुझे इस सीरीज में नई एंट्री के रूप में एक नकारात्मक किरदार मिला है। इससे पहले भी मैं फिल्म दसवीं और कुल जैसी सीरीज में ग्रे किरदार कर चुकी हूं। मैं आपको एक दिलचस्प बात बताऊं, करियर के शुरुआती दौर में हॉलीवुड सीरीज होमलैंड में भी मेरा नेगेटिव किरदार था। किरदार पॉजिटिव हो या नेगेटिव उसे सुनकर मजा आए, तो निभाने का अलग ही मजा होता है। जाहिर है आप अपनी जिंदगी का एक बहुत बड़ा हिस्सा उस रोल को दे रहे होते हैं। मुझे साल दर साल अपनी भूमिकाओं से याद है कि द लंचबॉक्स मैंने 2013 में की थी, तो होमलैंड 2019 में की थी। एक एक्टर को अपना पार्ट निभाना होता है, एक शिद्दत के साथ, मगर जब आपके साथी कलाकार कमाल के हों, तो रोल को करने का मजा बढ़ जाता है। अब जैसे इस सीरीज में मैं 110 फिल्में कर चुके मनोज बाजपेयी के साथ काम करने का मौका मिला। इनके साथ काम करके बहुत कुछ सीखने को मिला कि इतना लंबा समय एक्टिंग के फील्ड में बिताने के बावजूद इनकी अप्रोच भूमिका को लेकर कितनी पैशनेट है। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की हो।

## राज्यपाल बांगड़े पाली पहुंचे जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली,(निस.)** राज्यपाल हरिभाउ किशनराव बागड़े रविवार को पाली सर्किट हाउस पहुंचे जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सर्किट हाउस में गार्डऑफ ऑनर के पश्चात राज्यपाल हरिभाउ बांगड़ का राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, जिला प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा, संभागीय आयुक्त प्रतिभासिंह, जिला कलक्टर एलएन मंत्री एवं पुलिस अधीक्षक आदर्श सिंधु ने स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल ने राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लिया जहाँ उन्होंने वर-वधु को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। उन्होंने पाली शहर के धौला चौतरा स्थित एतिहासिक झुंझारजी के मंदिर में पूजा अर्चना की । इस अवसर पर पूर्व सांसद पुष्प जैन,जिला कलक्टर एलएन मंत्री व पुलिस अधीक्षक आदर्श सिंधू सहित जनप्रतिनिधि पीयूष शर्मा,व्यापार मण्डल के अशोक शर्मा, नवीन जैन, विभिन्न लोगों ने स्वागत किया।


## अध्यापक नाथूराम यादव सेवानिवृत्त, जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस.)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुढ़ा के शिक्षक नाथूराम यादव के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ग्रामीणों सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा नेता महेश चोरिया,यादव महासभा पावटा अध्यक्ष भैरूराम यादव, मेहरसिंह धनकड, राजेश पार्षद,, अनिल गुढ़ा,रामकरण यादव, रमेश यादव,बाबूलाल, रामजीलाल यादव,जयमल यादव,अनिल ढबास,राव जीतू सहित कई गणमान्यों ने उपस्थित होकर नाथूराम यादव का शॉल, साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।इस दौरान सभी वक्ताओं ने कहा कि नाथूराम यादव ने अपने शिक्षक जीवन में सरल स्वभाव, अनुशासन और निष्ठा के साथ शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दौरान भव्य रैली का भी आयोजन किया गया जहां रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई जो की मुख्य मार्ग से गुजरते हुए निवास स्थान पहुंची। इस दौरान जगह-जगह अध्यापक नाथूराम यादव का भव्य स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने नाथूराम यादव के स्वस्थ एवं सुखी भविष्य की कामना की।

## गौशाला में हुआ राम कुटिया का निर्माण



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस.)।** नाथावतपुरा गांव मे श्री मुरली मनोहर गौशाला संतोष कवर अन्नपूर्णा माता धर्मपत्नी अजीत सिंह नाथावत के राम कुटिया त्रिवेणी संगम का उद्धाटन हुआ परम सानिध्य श्री चंद्रमा दास जी महाराज प्रकाश दास जी महाराज भगवान दास जी महाराज एवं अनेक साधु संत और समाजसेवी के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ गो सेवक अजित सिंह के द्वारा अनेको बड़े धार्मिक आयोजन करवाए जा चुके हैं व लाखों करोड़ों रुपए गौ सेवा, समाज सेवा, धर्म प्रचार, पुराने मंदिरों का पुनरुत्थान, बच्चों की शिक्षा, कन्याओं के विवाह में, गुरुकुल निर्माण वृंदावन में कैंसर हॉस्पिटल निर्माण में व ऐसे अनेकों धार्मिक सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देते आ रहे हैं तन -मन- धन संपूर्ण सेवार्थ में समर्पित किया हुआ है आगे भी आजीवन सेवार्थ कार्यों में अपना योगदान देते रहे गौ सेवक मुकेश कुमावत ने बताया कि आगे का संपूर्ण जीवन अन्नपूर्णा माता संतोष कंवर अजीत सिंह जी गौशाला में ही बिताएंगे साधु संतों की सेवा सत्संग पूजा पाठ दान पुण्यक्रम समाज सेवा यहीं से संपूर्ण कार्य करेंगे आर्थिक रूप से सक्षम होते हुए भी समाज के सामने एक नई पहल साधु संतों के सानिध्य में सामाजिक संगठन गौ सेवा संगठन व धर्म प्रेमियों की उपस्थिति मैं (अन्नपूर्णा माता जी) संतोष कंवर व अजीत सिंह जी नाथावत द्वारा राम कुटिया में त्रिवेणी संगम में प्रवेश का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मंदिर में दशमी पर रिझाया भजनों से

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस.)।** नानी गेट स्थित श्री जानकी वल्लभ मंदिर में रविवार को जानकीनाथ महिला मंडल द्वारा भजनों का कार्यक्रम हुआ मंदिर कमेटी की मीडिया प्रभारी ज्योति तनवानी ने बताया की हर प्रतिमाह की भांति इस माह भी दशमी पर मंदिर के महंत मधुसूदनाचार्य महाराज जी के सानिध्य में



जानकीनाथ महिला मंडल द्वारा मंगल गीत का बहुत सुंदर भव्य कार्यक्रम हुआ भजनो की प्रस्तुति भजन गायिक का संतोष खंडेलवाल पंडित ऋषभ परासर, युवाचार्य नीलेश शर्मा, सरोज शर्मा, सुमन जांगिड़,ने भजनों की प्रस्तुति दी कार्यक्रम मे युवराज, बिट्टू,सावित्री दीक्षित, स्नेहा तिवारी, सुमित्रा शर्मा, सुनीता महत सरोज कलावटिया,एवं मंदिर मे काफी संख्या में मातृशक्ति एवं भक्तगण उपस्थित रहे

# सामाजिक कुरीतियों पर मंथन, समाज के चुनाव का लिया निर्णय

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक.(निस.)** कस्बे में देवयानी स्थित आचार्य गरीब साहेब सत्संग भवन में रविवार को बलाई समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें रमेशचंद बेसरवाडिया को राज्य सरकार की ओर से राज्य बीमा निगम में सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नत किए जाने के उपलक्ष्य में स्वागत किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में साधु-संत, समाजजन व युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से साधु-संतों ने समाज में बढ़ रही कुरीतियों, आपसी मतभेदों और बिगड़ती युवा पीढ़ी पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी को एकजुट होकर सामाजिक सुधार के लिए आगे आने का आह्वान किया। समारोह में मौजूद संतों ने कहा कि समाज को संगठित होकर सही दिशा में बढ़ने की जरूरत है।



उन्होंने सभी वर्गों से आग्रह किया कि आने वाले दिनों में समाज की बेहतरी के लिए जो भी आवश्यक निर्णय हों, उन्हें सामूहिक सहमति से लिया जाए। साधु-संतों ने स्पष्ट कहा कि समाज में फूट डालने वाली गतिविधियों से दूर रहकर सभी को अपनी-अपनी राय देकर सामाजिक एकता को मजबूती देनी चाहिए। बैठक में समाज की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई और आगामी समय में होने वाले सामाजिक चुनावों को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने पर बल दिया गया। संतों ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया समाज को मजबूत करने का माध्यम है, इसलिए प्रत्येक सदस्य की राय का सम्मान होना चाहिए। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार देवंदा, पन्नालाल गोठवाल, हीरालाल तंवर, पन्नालाल तंवर, छैल बिहारी, अनिल कुमार बोराना, नाथूलाल तंवर, महावीर, दयालराम, हेमंत कुमार, राकेश, दानमल, मदनलाल, नरेश कुमार, ताराचंद तंवर, जगदीश सुनिया, मदनलाल वर्मा आदि मौजूद रहे। मीटिंग के बाद सर्व सम्मति से समाज के चुनाव कराने का निर्णय लिया गया।

# पावटा के भारती पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को दिए सुरक्षा मंत्र

### वित्तीय प्रबंधन एवं साइबर ठगी से बचाव पर कार्यशाला



जयपुर टाइम्स

**पावटा (निस.)।** कस्बे के भारती पीजी कॉलेज में शनिवार को स्मार्ट निवेशक जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा कार्यशाला का निदेशक कमल यादव की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बदलते डिजिटल युग और तेजी से बढ़ती ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को देखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता SEBI (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) के प्रतिनिधि सतीश यादव ने छात्रों को वित्तीय जागरूकता, सुरक्षित निवेश के तरीके, ऑनलाइन फ्रॉड के नए पैटर्न, फिशिंग-स्कैम, फर्जी ऐप, शेयर मार्केट से जुड़े भ्रम और डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा जैसे कई अहम मुद्दों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सुरक्षा है, गलत क्लिक आपकी मेहनत की पूरी कमाई खत्म कर सकता है।सतीश यादव ने छात्रों को बताया कि कैसे असली और फर्जी निवेश कंपनियों की पहचान की जाए, किस तरह अनरजिस्टर्ड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ठगी का बड़ा जरिया बने हुए हैं, और किन संकेतों से साइबर धोखाधड़ी का पता लगाया जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा दूर की। कॉलेज प्रशासन ने भी ऐसी कार्यशालाओं को समय की आवश्यकता बताते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।कार्यक्रम के अंत में सेबी टीम और कॉलेज प्राचार्य ने छात्रों को सुरक्षित निवेश और साइबर सतर्कता को जीवन में अपनाने की अपील की। इस दौरान रवि कुमार सेनी, मुकेश यादव,सोमवीर मीणा,दिनेश सिंह, जितेन्द्र प्रजापति, सपना सैनी,अनीता सेनी,हनीफ खान,वसीम अकरम, कविता यादव,गीतिका शर्मा, सुषमा यादव, प्रियंका यादव सहित अनेकों स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहें।

## वाटिका रा.उ.मा.वि.अंग्रेजी माध्यम की 8 बालिकाओं ने डायमंड 19वीं नेशनल जंबूरी लखनऊ में जीत हासिल कर आल इंडिया लेवल में राजस्थान मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है



### बालिकाओं ने चीफ नेशनल कमिश्नर फ्लैग व शील्ड प्राप्त कर कर अपनी श्रेष्ठता साबित की

जयपुर टाईम्स

**सांगानेर-:(निस.)** राजस्थान प्रदेश ने अपनी गौरवशाली परंमाननीय राज्य मुख्य आयुक्त महोदय, राज्य सचिव, स्टेट कमिश्नर्स,राजस्थान प्रदेश के शिक्षा विभाग के अधिकारियों, स्काउट गाइड संगठन के समस्त पदाधिकारियों, जंबूरी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में श्रीं एम.आर. बोहरा रा.उ.मा.वि. अंग्रेजी माध्यम वाटिका सांगानेर जयपुर ने में भी बैस्ट प्रदर्शन किया। जिसमें एडवाचर साइकिलिंग, प्रदर्शन, रंगोली,आनर ऑफ गाड़ ,जीत हासिल की है। जयपुर जिले की एकमात्र सरकारी विद्यालय ने पार्टीसिपेट किया है ग्रुप लीडर डॉ सरला कुमारी बैरवा (गाइड कैप्टन)एवं समस्त गाइड लक्ष्मी सैनी,निशा बैरवा, नैन्सी कुमारी, सुलोचना चौपडा, प्रितिका बैरवा, लक्षिता रानी गुर्जर, कविता मीणा करिष्मा ने लम्बे संघर्ष के बाद ये डायमंड नेशनल जंबूरी लखनऊ में जीत हासिल की है। आल इंडिया लेवल में राजस्थान प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आज लखनऊ की वापसी के दौरान सभी ने स्वागत किया है और इस स्वागत की कड़ी में वाटिका सांगानेर वार्ड पार्षद मुकेश बैरवा ने भी सभी गाइड का स्वागत कर फुलों का गुलदस्ता भेंट किया।

## मंडल कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' का 128वाँ प्रसारण

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल कार्यालय, सीकर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के इस संस्करण में नवंबर माह की कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने संविधान दिवस समारोह, वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ, अयोध्या में धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम, नौसेना में आईएनएस 'माहे' के शामिल होने तथा कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में रिकॉर्ड स्तर पर हुए खाद्यान्न एवं शहद उत्पादन, भारत की खेल उपलब्धियों, संग्रहालयों के प्रति बढ़ती रुचि तथा प्राकृतिक खेती के महत्व जैसे विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किसानों, खिलाडीयों, वैज्ञानिकों और नवाचार करने वाले युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी ने देशवासियों से काशी, तमिल संगमम में सहभागी बनने का आग्रह करते हुए इसे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय का सुंदर उदाहरण बताया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एकाग्र होकर मन की बात सुनी और प्रधानमंत्री के संदेशों को अपनी दिनचर्या एवं संगठनात्मक कार्यों में अपनाने का संकल्प लिया। सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अशोक जी माथुर, शालिनी माथुर, कुमकुम माथुर, महावीर प्रसाद सेन, कपिल बियानी, रिदम अग्रवाल, अविनाश शर्मा, भगवती बिलखिवाल, प्रदीप बियानी, नवल सिंह तंवर, मनोज माथुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ धौलपुर शहर में किया फ्लैग मार्च

### मुख्य बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने आज देर शाम पुलिस अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ धौलपुर शहर में फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल का नेतृत्व करते हुए कार्यालय पुलिस अधीक्षक से जगदीश तिराहा, गुलाब बाग, बस स्टैंड, संतर रोड, पुरानी सब्जी मंडी, लाल बाजार, जगन चौराहा होते हुए कोतवाली पुलिस थाना तक मुख्य बाजारों में पैदल गस्त की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और पुलिस व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं मुख्य बाजारों में व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के सम्बन्ध में समझाइश की, व्यापारियों द्वारा अगर अतिक्रमण स्वत ही नहीं हटाते जाते हैं तो नगरपरिषद के साथ मिलकर नियमानुसार अतिक्रमण हटवाये जाएंगे। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है का पैदल मार्च का उद्देश्य शहर में सायंकालीन गश्त व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करना, असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना और नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराना है। पैदल मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पैदल मार्च के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, वृताधिकारी वृत्त धौलपुर कृष्ण राज जांगिड, थानाधिकारी कोतवाली हरेन्द्र सिंह, थानाधिकारी निहालगंज अमित शर्मा, यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह सहित शहर के सभी थानों का पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

## धौलपुरः संतरा रोड पर अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई, ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** शहर के संतरा रोड पर बढ़ते अतिक्रमण और लगातार लगने वाले जाम से परेशान स्थानीय लोगों की शिकायत पर आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। एसपी विकास सागवान के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे कई दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसके कारण आए दिन यहां जाम की स्थिति बनी रहती थी। स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकायत एसपी से करते हुए बताया कि संकरी जगह पर अवैध रूप से रखे गए ठेले, सामान और दुकानों के बाहर कब्जे के कारण राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी सागवान ने कार्रवाई के आदेश दिए, जिसके बाद टीआई बलविंदर सिंह ट्रैफिक पुलिस के जाप्ते के साथ संतरा रोड पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस टीम ने कई दुकानदारों को चेतावनी दी और सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया।अभियान के दौरान सड़क पर पहले से बने अवरोध हटने से लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा। पुलिस का कहना है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## गीता जयंती महोत्सव की दिव्य भव्य शोभायात्रा एवं प्रवचन समारोह

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** नवम्बर स्थानीय जिला मुख्यालय पर 30 नवम्बर को दिन में लोहिया क्रीड़ा स्थल बागला खेल ग्राऊण्ड दादाबाड़ी के सामने गीता जयंती कार्यक्रम का उद्धाटन विशिष्ट अतिथि महन्त श्रीनिवृत्तिनाथजी महाराज संग जनार्दनाचार्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेश गौड़ के करकमलों से हुआ पुनः धर्म संघ गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा वैदिक मन्त्रों से स्वस्तिवाचन किया गया उपरान्त श्रीजनार्दनाचार्य महाराज द्वारा मंगलाचरण श्लोक वाचन के उपरान्त कार्यक्रम की भूमिका विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान गीता क्लास के संजय सिंघानिया शोभायात्रा के संयोजक मोहित सिंघानिया के नेतृत्व में गठित टीमों ने लोहिया खेल ग्राऊण्ड (दादाबाड़ी) से प्रारंभ करके सुभाष चौक, सब्जी मंडी, सफेद घण्टाघर, भाईजी चौक, मोचीवाडा, गढ़ से मोजासिया चौक,राम मन्दिर, ऋषिकुल तक प्रसाद वितरण एवं सभी संगठनों संस्थानों प्रतिष्ठानों , व्यापारियों द्वारा शोभायात्रा में सम्मिलित एवं पुष्पवर्षा द्वारा स्वागत करने की गई। गीता क्लास,आदर्श विद्या मंदिर,संस्कारशाला के विद्यार्थियों ,सात प्रभात फेरियां संग रहीं उनके साथ सन्त-आचार्यों के सानिध्य में ठीक 3 बजे शोभायात्रा प्रारम्भ होकर सुभाष चौक, सफेद घण्टाघर, गढ़ चौराहा,राम मन्दिर होते हुए ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम पर महन्त श्रीनिवृत्ति नाथजी महाराज कृष्ण के गीता उपदेश एवं प्रार्थना के साथ आयोजन के समापन की घोषणा अध्यक्ष योगेश गौड़ जी ने की। यात्रा के दौरान जगह-जगह पर गीता जी की सजीव झांकी गीता झोंपड़ी एवं धर्म स्वरूप नन्दीबाबा का पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया। सभी अतिथियों एवं भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में चुरु शहर के अलग-अलग स्थानों से निकलने वाली प्रभात फेरियां भजन कीर्तन करते हुए सम्मिलित हुई। शोभायात्रा में 251 ध्वजों का रहा विशेष आकर्षण। इस अवसर पर संत निवृत्तनाथ जी महाराज ने गीता वांग्मय पर विषद चर्चा करते हुए कहा कि गीता के बारे में कहा गया है कि इसमें जो लिखा है वो अन्यत्र लिखा मिल जाएगा परंतु जो इसमें नहीं है वो अन्यत्र मिलना असंभव है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
1 दिसम्बर, 2025

# जयपुर जिले में 90 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्रों का हुआ डिजिटलाइजेशन

*43 लाख से ज्यादा परिगणना पत्र का किया गया डिजिटलाइजेशन अब तक हजार बीएलओ ने शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य किया हासिल*

*जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी बेहतर प्रदर्शन के लिए कर रहे प्रेरित*

*उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 3 ईआरओ एवं 99 बीएलओ को किया जा चुका है सम्मानित*




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत परिगणना कार्य प्रगति पर है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जयपुर जिले में 90 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्रों को डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी निरंतर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। 30 नवंबर 2025 को सांय 4 बजे तक 43 लाख 59 हजार 156 यानी 90 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सभी ईआरओ एवं बीएलओ को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बस्सी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी डॉ. गरिमा शर्मा, शाहपुरा निर्वाचक पदाधिकारी संजीव कुमार खेदर एवं दूदू निवार्चक पदाधिकारी रमेश कुमार सहित शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य हासिल करने वाले प्रथम 99 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि जयपुर जिले में सभी बीएलओ भारतीय निर्वाचन आयोग के भावना के अनुसार पूर्ण उत्साह के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य कर रहे हैं यही कारण है कि जिले के 1 हजार 403 बीएलओ शत प्रतिशत परिगणना पत्रों का डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य हासिल कर चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने न केवल उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की मुक्तकंठ से सराहना की, बल्कि यह भी कहा कि उनकी यह प्रतिबद्धता पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने अनुभव, ऊर्जा और कार्यकुशलता से अन्य साथियों को प्रेरित कर उन्हें भी लक्ष्य प्राप्ति में मार्गदर्शन दें, ताकि पूरे जिले में पुनरीक्षण अभियान की गति और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली रूप में आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 35 हजार 111, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 37 हजार 483, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 56 हजार 119, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 33 हजार 698, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 52 हजार 8, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 58 हजार 152, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 87 हजार 931, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 31 हजार 821, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 39 हजार 77 परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने बताया कि किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 68 हजार 425, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 33 हजार 126, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 95 हजार 903, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 17 हजार 750, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 10 हजार 807, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 89 हजार 881, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 10 हजार 324 एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 1 हजार 540 परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में अब साधारण जानकारी के आधार पर नाम खोजने का विकल्प मुहैया करवाया गया है, जिससे मतदाताओं को अपना नाम खोजने और परिगणना प्रपत्र भरने में और अधिक सहजता मिलेगी। निर्वाचन विभाग द्वारा साथ ही मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने हेतु ऑनलाइन विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। मतदाता स्वयं अपना परिगणना प्रपत्र https//voters.eci.gov.in/ पर जाकर अथवा प्रदान किए गए QR Code को स्कैन कर ऑनलाइन भर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने तथा अपने परिवारजनों के परिगणना प्रपत्र अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन भरकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। जिले में परिगणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण की प्रगति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र चौमूं सर्वाधिक 99.48 फीसदी प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## रायसर में ट्रक और वैन में भीषण भिड़ंत चार जनों की मौत, कई घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर ग्रामीण इलाके में दौसा मनोहरपुर हाईवे पर रतनपुरा गांव के पास ट्रक और वैन के बीच आपस में हुई जोरदार भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई और वैन में सवार कई लोग घायल हो गए । जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । यह हादसा इतना भीषण था कि वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और घटनास्थल से आवश्यक तथ्य जुटाए तथा मामले की जांच शुरू कर दीहै जानकारी के अनुसार वैन में सवार लोग मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने के बाद खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे लेकिन रतनपुरा गांव के पास ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रक से टक्कर हो गई जिसमें वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें मृतकों की लाश बुरी तरह से चिपकी हुई मिली मौके पर गए पुलिस अधिकारियों की आंखें भी घटनास्थल का दृश्य देखकर नम हो गई ।

## मंत्री रावत ने विभागीय अधिकारियो से की समीक्षा बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत शनिवार को एक दिवसीय पाली दौरे पर रहे। उन्होंने जिले के सुमेरपुर स्थित जवाई बांध डाक बंगला में विभागीय अधिकारियो के साथ में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की समय पर गुणवत्ता पूर्वक क्रियान्विति हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया । इस बैठक के पश्चात मंत्री ने जवाई बांध कंट्रोल रूम, स्काडा सिस्टम तथा ओवरफ्लो गेटो का भी निरीक्षण किया गया,और संबंधित अधिकारियों दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जल संसाधन संभाग जोधपुर के मुख्य अभियंता अरुण कुमार सिढाना, अतिरिक्त मुख्य अभियंता जवाई बांध मनीष परिहार, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत पाली राम नारायण चौधरी,अधीक्षण अभियंता नर्मदा नहर परियोजना बाबूलाल गहलोत, रमेश सिंघवी अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत जोधपुर, राज भंवरायत अधिशासी अभियंता जवाई बांध सुमेरपुर एवं अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## ऑटो में सवार बुजुर्ग महिला से सोने की चेन चोरी

### बातों में उलझाकर 24 ग्राम की चेन ले उड़ी दो महिलाएं

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** दिनदहाड़े ऑटो में सफर कर रही एक बुजुर्ग महिला के साथ चोरी की वारदात हुई है। वार्ड 16 निवासी गुलशन बानो (62) के गले से करीब 24 ग्राम की सोने की चेन दो अज्ञात महिलाओं ने बातों में उलझाकर चोरी कर ली। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुलशन बानो ने अपनी शिकायत में बताया कि वह नई सड़क से ऑटो में बैठकर जा रही थीं। रास्ते में नया बस स्टैंड के पास से दो अज्ञात महिलाएं भी ऑटो में सवार हो गईं और बैठते ही बातचीत में उलझाने लगीं। इसी दौरान उनमें से एक महिला का बैग बार-बार गले के पास टकरा रहा था। गुलशन बानो को लगा कि शायद बच्चे की वजह से बैठने में दिक्कत हो रही है, इसलिए बैग आ रहा है। मंडेलिया हाउस के पास उतरने के बाद दोनों महिलाएं ऑटो के साथ पंखा सर्किल की ओर चली गईं। कुछ देर बाद जब गुलशन बानो ने अपनी चेन को हाथ लगाया तो चेन गायब मिली। शक होने पर वह तुरंत पंखा सर्किल की ओर दौड़ीं, लेकिन न तो दोनों महिलाएं मिलीं और न ही ऑटो चालक नजर आया। पीड़िता ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि वह दोनों महिलाओं की पहचान कर सकती हैं।



# कांग्रेस एसआईआर से भयभीत, जनता को भ्रमित करने का कर रही प्रयासः गोदारा

## *भाजपा सरकार के 22 माह कांग्रेस शासन के पांच साल पर भारी*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर की गई बयानबाजी एवं भ्रामक आरोपों का करारा जवाब दिया है। गोदारा ने तथ्यों के साथ अपनी बात रखते हुए कहा कि पहले कांग्रेस चुनाव हारने पर ईवीएम का राग अलापती थी और संवैधानिक संस्थाओं पर सवालिया निशान लगाती थी मगर सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्टीकरण के बाद अब कांग्रेस और उसके सहयोगी दल एसआईआर को लेकर भ्रामक बयानबाजी करने लग गए हैं। कांग्रेस को इस देश के नागरिकों की नहीं बल्कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या जैसे घुसपैठियों की चिंता सता रही है।

### राजस्थान की जीडीपी दर राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा

: गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तेजी से विकास करते हुए 12.2 प्रतिशत की जीडीपी से आगे बढ़ रहा है जो राष्ट्रीय औसत 9.7 प्रतिशत से कहीं आगे है। गहलोत के कार्यकाल में वर्ष 2020-21 में राज्य का राजकोषीय घाटा राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 5.83 प्रतिशत हो गया था जिसे हमारी सरकार ने वर्ष 2024-25 में घटाकर 4.25 प्रतिशत तक किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने धरातल पर ठोस कार्य किया है जबकि कांग्रेस सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल में सिर्फ हवाबाजी ही करती रही

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन का नियमित रूप से हो रहा भुगतान

गोदारा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर भी आमजन में भ्रम फैला रहे है। कांग्रेस के शासनकाल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान 3-4 माह की देरी से हो रहा था जबकि हमारी सरकार के समय में गत माह में देय पेंशन का भुगतान चालू माह में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12 हजार 866 करोड़ रुपये का सामाजिक सुरक्षा पेंशन के रूप में भुगतान किया जो कि वर्ष 2023-24 में किए गये भुगतान से 34.10 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार हमारी सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में भी 16 हजार 591 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। गोदारा ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर वेट कम करने राज्य कर्मचारियों की ग्रेच्यूटी सीमा बढ़ाने पारिवारिक पेंशन बढ़ाने आरजीएचएस के तहत बुजुर्ग लाभार्थियों को डोर स्टेप डिलीवरी की सुविधा देने पत्नी के साथ संयुक्त रूप से खरीदी गई संपति पर स्टाम्प ड्यूटी पर छूट देने जैसे महत्वपूर्ण जनहितैषी निर्णय लिए हैं।

### *कांग्रेस करें बिहार चुनाव में करारी हार की समीक्षा*

*गोदारा ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को एसआईआर पर भ्रामक राजनीति करने के बजाय बिहार चुनाव में मिली करारी हार की समीक्षा करनी चाहिए। देश की जनता कांग्रेस के नहीं बल्कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके विकास कार्यों के साथ है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि एसआईआर का एकमात्र उद्देश्य निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना है। इससे मतदाता सूची और अधिक शुद्ध बनेगी तथा मृतक प्रवासी गलत पत्ते और दोहरी प्रविष्टियों वाले लोग हट जाएंगे और सिर्फ पात्र मतदाता ही सूची में रहेंगे। गोदारा ने आरोप लगाया कि एसआईआर से कांग्रेस को जो डर सता रहा है, वह नाम जुड़ने का नहीं बल्कि कांग्रेस के फर्जी वोटरों के नाम कटने का है। एसआईआर अपात्र मतदाताओं को हटाने और अनियमितताओं पर रोक लगाने का एक मजबूत जरिया है। उन्होंने आमजन से एसआईआर प्रक्रिया में अधिक से अधिक सहयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की।*

## भाजपा सरकार के 22 माह कांग्रेस शासन के पांच साल पर भारी

गोदारा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार पर आरोप लगाने से पूर्व अपनी सरकार के पांच साल के कार्यकाल पर नजर नहीं डाली। यदि वे ऐसा करते तो उन्हें पता लगता कि उनके पांच साल के कार्यकाल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के शुरूआती 22 माह का कार्यकाल ही भारी पड़ रहा है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में पांच साल में सिर्फ 57 राजकीय महाविद्यालयों के भवन बने जबकि वर्तमान सरकार के 22 माह में 177 भवनों का निर्माण किया गया है। कांग्रेस शासन में केवल 49 पशु चिकित्सालयों का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन हुआ जबकि भाजपा सरकार में 22 माह में ही 101 पशु चिकित्सालय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत के नेतृत्व में पूर्व सरकार के पांच साल में सिर्फ 6614 किलोमीटर मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण हुआ जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 22 माह में 8557 किलोमीटर मिसिंग लिंक सड़कें बन चुकी हैं। यदि नई सड़कों की बात करें तो कांग्रेस कार्यकाल में 13160 किलोमीटर सड़कें बनीं जबकि उससे कहीं ज्यादा 15684 किलोमीटर सड़कें वर्तमान सरकार के 22 माह में ही बन चुकी हैं। इसी प्रकार पिछली सरकार में पांच साल में केवल 515 उप स्वास्थ्य केन्द्र के भवन बने जबकि वर्तमान सरकार में 22 माह में 872 उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण हो चुका हैं।

## अपने पुत्र की शादी के बीच मदन राठौड़ ने मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ के पुत्र प्रियांशु राठौर की शादी है शादी में देश भर से कई विशिष्ट मेहमानों रही । भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता शादी में पहुंचे। राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य भाजपा के संगठन से जुड़े लोग और पार्टी के कई वर्तमान और पूर्व विधायक तथा पार्टी के कई वर्तमान और पूर्व सांसद शादी में शामिल हुए । लेकिन मदन राठौड़ पार्टी के अनुशासित और समर्पित नेता रहे हैं इसीलिए उन्होंने अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सभी एपिसोड हर हाल में सुने हैं। राठौर जब भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नहीं थे तब भी इस कार्यक्रम को सुना करते थे और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद भी मोदी के इस कार्यक्रम को हमेशा सुनते आए हैं। रविवार को उनके पुत्र की शादी होने के बावजूद भी उन्होंने अपने रिश्तेदारों परिजनों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना जानकारी के अनुसार एक तरफ राठौर के पाली स्थित आवास पर मेहमानों के आने का सिलसिला बना रहा और खुद राठौर मेहमानों की अगवानी कर रहे , शादी की वजह से वह काफी व्यस्त रहें लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर उनकी गंभीरता इसी बात से देखी जा सकती है कि उन्होंने रविवार को इस कार्यक्रम को मिस नहीं किया बल्कि परिजनों और रिश्तेदारों तथा घर पर मौजूद भाजपा के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर मन की बात कार्यक्रम को सुना । मदन राठौड़ का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम अपने आप में अलग ही महत्व रखता है मोदी का यह कार्यक्रम देशवासियों में नई शक्ति और नई ऊर्जा पैदा करता है इस कार्यक्रम से पीएम नरेंद्र मोदी एक तरफ जहां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों की उपलब्धियां को भी बताते हैं जिसकी वजह से विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत के दम पर कार्य कर रहे लोग जब अपने काम की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम में उनके मुंह से सुनते हैं तो उनका हौसला और बढ़ता है तथा यह कार्यक्रम सुनने वाले लोगों में भी कुछ नया करने का जज्बा पैदा होता है इसलिए इस कार्यक्रम को देश के हर आयु वर्ग के लोगों को सुनना चाहिए और देश के लोग इस कार्यक्रम को सुनते भी हैं उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे भारत में काफी लोकप्रिय हो चुका है और दुनिया भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम की तारीफ भी होती है इसलिए मोदी नियमित रूप से यह कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं ।

## राज्य क्रिकेट संघ में सियासी घमासान जारी, ऑब्जरवेशन कमेटी के सदस्य सोमेंद्र तिवारी ने दिया इस्तीफा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य क्रिकेट संघ में पिछले कई महीनो से जारी सियासी तूफान थमने का नाम ही नहीं ले रहा है राज्य क्रिकेट संघ की तादाद समिति के सदस्यों के बीच आपस में मनमुटाव की खबरें पहले से ही मीडिया की सुर्खियों में छाई हुई है तदर्थ समिति के सदस्यों के बीच चल रहे विवाद की वजह से प्रदेश में क्रिकेट जगत से जुड़े लोग भी काफी दुखी हैं, इस बीच राज्य क्रिकेट संघ के ऑब्जरवेशन कमेटी के सदस्य सोमेंद्र तिवारी ने भी पद से इस्तीफा दे दिया है। तिवारी का कहना है कि खिलाड़ियों के सिलेक्शन और अन्य कई मामलों में मनमाने तरीके से निर्णय लिए जा रहे हैं नियम और कानून की पालना नहीं की जा रही है जो नियम और कानून निर्धारित किए गए थे उनका कोई पालन नहीं हो रहा है इसलिए इन हालातो में काम करना काफी मुश्किल हो गया है इसी तरह के विचार प्रकट करके सोमेंद्र तिवारी ने इस्तीफा दे दिया । तिवारी का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने जिस कमेटी का गठन किया था उस कमेटी की सिफारिश को भी दरकिनार किया जा रहा है कई तरह की गड़बड़ियों और मनमाने तरीके के फैसले लिए जा रहे हैं जिससे प्रदेश की क्रिकेट और क्रिकेटरों का काफी नुकसान हो रहा है बताया जा रहा है कि ऑब्जेक्शन कमेटी के कुछ और सदस्य भी इस्तीफा दे सकते हैं जानकार लोगों का कहना है कि राज्य क्रिकेट संघ का पूरी तरह से राजनीतिकरण हो गया है भले ही कोर्ट ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर तदर्थ कमेटी का गठन कर दिया हो लेकिन इस कमेटी में भी राजनीति पूरी तरह से हावी हो गई है और राज्य क्रिकेट संघ में राजनीति उच्च लेवल पर ही नहीं बल्कि जिला क्रिकेट संघ में भी राजनीति पूरी तरह से हावी हो गई है जिला क्रिकेट संघ में भी विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता ही नजर आ रहे हैं जो नेता क्रिकेट के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं रखते उन्होंने नेताओं ने जिला क्रिकेट संघ में अपना प्रभाव जमा लिया है और न्यायालय की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जिस तदर्थ कमेटी का गठन किया उस कमेटी के सदस्य भी पॉलिटिकल दल से ही जुड़े हुए हैं, इसलिए खेल जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि राजनेताओं की घुसपैठ से राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ का संगठन का ढांचा पूरी तरह से बिगड़ गया है जब तक इन जिला संघ और राज्य क्रिकेट संघ में क्रिकेट को समझने वाले लोग शामिल नहीं होंगे या फिर पूर्व क्रिकेटर शामिल नहीं होंगे तब तक प्रदेश में क्रिकेटरों और क्रिकेट का कोई भला नहीं हो सकता ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।